


# पाकिस्तान के ओकारा कैंट पर ड्रोन से हमला

## कल रात हुए हमले का भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत के कई शहरों पर नापाक हमले की नाकाम कोशिश का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ओकारा आर्मी कैंट पर भारत ने ड्रोन अटैक किया है। यह अटैक आज सुबह ही किया गया, जिसकी पुष्टि की गई है। पाकिस्तान में इस समय दहशत का माहौल है. इससे पहले कल पाकिस्तान ने भारत में ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।



बीती रात पाकिस्तानी हमले की कायराना हरकत को लेकर भारतीय वायुसेना (IAF) ने बयान जारी किया है। वायुसेना ने बयान जारी कर बताया कि हमने संयम और संतुलित तरीके से पाकिस्तान के हवाई हमलों को नाकाम किया। पाकिस्तान ने गुरूवार रात जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के सरहदी इलाकों में मिसाइल व ड्रोन से हमला किया था। जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

### बीसीसीआई ने रद्द किया आईपीएल-2025

सूत्रों के मुताबिक, वायुसेना ने कहा कि हमारा एयर डिफेंस देश का रक्षा छत्र बना। हमारे एयर डिफेंस ने पाकिस्तान के हमलों को नाकाम किया। हमने बीती रात CUAS, पेचोरा, SAMAR और AD गन का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को बेदम कर दिया।

उन्होंने कहा कि हमारी एयर डिफेंस वॉल बेहद अटूट है. हमने आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की। हम चौकस बने रहे. वायुसेना ने बेहद समझदारी और संतुलित तरीके से पाकिस्तान के (शेष पृष्ठ-4 पर)

### शुक्रवार को क्या रहा खास

- जम्मू एयरपोर्ट पर कल रात पाक सेना ने दागी थी मिसाइलें
- देश के 27 एयरपोर्ट किए गए बंद
- होशियारपुर, पठानकोट में मिले मिसाइल के टुकड़े, जैसलमेर में मिला जिंदा बम
- भारत ने बॉडर पर तैनात की आकाश मिसाइल
- दिल्ली में आज दोपहर 3.00 बजे गूंजेगी सायरन की आवाज
- पाक सेना के जेएफ-17 फाइटर को मार गिराया

## जैश के 7 आतंकी सेना ने मार गिराए

**जम्मू कश्मीर ( एजेंसी )।** भारत लगातार पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को ध्वस्त कर रहा है। बीती रात पाकिस्तान के हवाई हमलों की कोशिशों को पस्त करने के बाद जम्मू कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकियों को मार गिराया।



सूत्रों के मुताबिक, बीएसएफ ने सांबा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे सात घुसपैठियों को ढेर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि ढेर किए गए घुसपैठिए जैश-ए-मोहम्मद के बताए जा रहे हैं।

पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ की यह कोशिश उस समय की गई, जब भारत ने जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और अन्य जगह पर सेना के प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान की सेना के हमले की कोशिशों को नाकाम कर दिया।

## भारत विजयी है और विजयी रहेगा: मुख्यमंत्री

**लखनऊ ( एजेंसी )।** पाकिस्तान की ओर से लुक-छिप कर भारत पर किए जा रहे हमलों पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को लताड़ लगाई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों की वजह से अपने वजूद को जूझेगा।



पाकिस्तान की नापाक हरकतों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोरदार हमला बोला है। सीएम योगी ने 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा की गई साजिश को उजागर करते हुए कहा कि पाकिस्तान की यह कायराना हरकत भारत की संप्रभुता पर हमला है। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और संकल्प के चलते भारतीय जवानों ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। सीएम योगी ने पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए कहा कि उसका चरित्र बेशर्मी से भरा हुआ है।

उन्होंने दावा किया कि जिन आतंकियों के शवों को पाकिस्तान ने दफनाया, उनके जनाजे में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी शामिल हुए। यह स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान आतंकवादी गतिविधियों में सीधे-सीधे लिप्त है।

उन्होंने आगे कहा कि अब पाकिस्तान अपने ही वजूद के लिए संघर्ष करता नजर आएगा। भारत हर हाल में विजयी है और विजयी रहेगा। भारतीय सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान कराह रहा है। हमें अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना है उनका मनोबल बढ़ाना है।

## पांच लाख की फिरौती के लिए किशोर की हत्या

### शव दफनाने जा रहे अपहरणकर्ताओं से मुठभेड़, 5 गिरफ्तार

**चांदपुर ( बिजनौर )।** पांच लाख की फिरौती के लिए बदमाशों ने एक किशोर का अपहरण कर उसे मार डाला। किशोर के शव को जमीन में दफन करने जा रहे पांच बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। इस दौरान बदमाशों द्वारा चलाई गोली इंस्पेक्टर की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी और वह बाल-बाल बच गए। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कला निवासी दीपक कुमार का 14 वर्षीय आयुष छह अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गया था।

स्वजन ने अगले दिन थाने में उसकी गुमशुदी दर्ज कराई थी। छह मई की रात ही गांव के रहने वाले प्रशांत, राहुल व दीपक के इंस्टाग्राम अकाउंट पर आयुष के पिता से पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने का मैसेज भेजा गया था। फिरौती का संदेश मिलते ही (शेष पृष्ठ-4 पर)



## ट्रक ने कार में मारी टक्कर, फंसे लोगों को मुश्किल से निकाला



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार बुरी तरह दब गई जिसमें तीन लोग फंस गए। पुलिस व स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## गंदगी की आगोश में बैठा है हाईटेक शहर नोएडा

### हड़ताल समाप्त होने के बाद भी कूड़ा नहीं उठा रही हैं गाडियां एवं रिक्शे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ए.जी. एनवायरो के सफाईकर्मियों की हड़ताल समाप्त होने के बावजूद भी अभी भी नोएडा में जगह-जगह गंदगी तथा कूड़े का ढेर लगा हुआ है। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग व ए.जी. एनवायरो के अधिकारियों ने दावा किया था कि सेक्टरों में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां अपना काम शुरू कर देंगी। लेकिन अभी भी अधिकांश सेक्टरों में कूड़ा उठाने वाली (शेष पृष्ठ-4 पर)



## अब लजीज खाने का मजा फूड जोन में ही लीजिए

**नोएडा ( चेतना मंच )।** तरह-तरह के व्यंजन खाने-पीने के शौकीन लोगों के लिए खुशखबरी है। नोएडा में दो स्थानों पर नोएडा प्राधिकरण फूड जोन तैयार कर रहा है। इसका निर्माण 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।



सेक्टर 38ए स्थित जीआईपी मॉल और बॉटनिकल गार्डन मल्टीलेवल पार्किंग के बीच स्ट्रीट मार्केट बन रही है। इस मार्केट में नोएडा प्राधिकरण ने छोटे बड़े 22 कियोस्क बनाए है। ये कियोस्क और यूटिलिटी की सुविधाएं 3 करोड़ में तैयार की गई।

दूसरा प्रोजेक्ट स्काईमार्क के पास नोएडा-6 नाम से है। यहां 6 क्योस्क बनाए गए है। इन क्योस्क में खाने-पीने की दुकाने होंगी। यह इंदौर के 56 मार्केट की तर्ज पर यह ठिकाना बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर 100 से ज्यादा वाहनों की सरफेस पार्किंग भी बनाई जाएगी। इससे लोगों को यहां पर वाहन खड़े करने में दिक्कत नहीं होगी। परियोजना की निर्माण लागत करीब 2 करोड़ 23 लाख रुपये है।

इन सभी क्योस्क का आवंटन निलामी के जरिए किया जाएगा। आवंटन होने के बाद आवंटी को खुद इसका संचालन करना होगा। बताया गया स्काईमार्क और बोटेनिकल गार्डन से जीआईपी तक बने सभी क्योस्क के लिए एक साथ ही योजना निकाली जाएगी। इसमें स्ट्रीट फूड के अलावा यहां शापिंग के लिए भी क्योस्क होंगे। ताकि लोग मनोरंजन कर सके। यहां बैठने के अलावा पार्किंग की व्यवस्था भी होगी।

इन दोनों स्थानों पर सिविल और यूटिलिटीस का सभी कार्य 15 जून तक पूरे करने है। इसके बाद कभी भी इसका शुभारंभ किया जा सकेगा। इसके साथ ही योजना भी निकाली जाएगी। किराए पर होने की वजह से प्राधिकरण को इससे राजस्व भी मिलेगा। प्राधिकरण ने बताया कि ये एक प्रकार का फूड इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाली स्कीम भी होगी।

## आज से राशन दुकानों में शुरू होगा खाद्यान्न का वितरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज से नोएडा समेत समूचे जनपद में राशन की दुकानों में खाद्यान्न का निशुल्क वितरण शुरू किया जाएगा यह अभियान 25 में तक चलेगा। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय ने दी है।



उन्होंने बताया किजनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को बताया कि माह मई, 2025 के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल आदि का वितरण 09 से 25 मई 2025 के मध्य संपन्न कराया जाएगा।

उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## देश में पर्याप्त ईंधन का भंडार

इंडियनऑयल
IndianOil

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दौरान इंडियन ऑयल का बड़ा बयान सामने आया है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का कहना है, 'इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और हमारी आपूर्ति लाइनें सुचारू रूप से चल रही हैं। घबराहट में खरीदारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है - हमारे सभी आउटलेट्स पर ईंधन और एलपीजी आसानी से उपलब्ध हैं।'

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## आतंकवादी चरित्र

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से भी पाकिस्तान खाली हाथ लौटा। वह यह राहत महसूस कर रहा होगा कि सुरक्षा परिषद में उसके खिलाफ न तो बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। यह तसल्ली होगी कि कश्मीर का मुद्दा आज भी जिंदा है और उसका अंतरराष्ट्रीयकरण किया जा सकता है। पाकिस्तान के आग्रह पर ही सुरक्षा परिषद के मई महीने के अध्यक्ष यूनान ने बैठक जरूर बुलाई और वह भी बंद कमरे में आयोजित की गई, लेकिन सारांशतः वह बैठक बेमानी ही रही। सुरक्षा परिषद की ओर से न तो कोई बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। पाकिस्तान भी 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। उसी लिहाज से भारत-पाक के तनाव और युद्ध सरीखे हालात के मद्देनजर बैठक बुलाई गई। पाकिस्तान से सख्त सवाल भी किए गए। उसके 'आतंकवादी चरित्र' पर सवालों के साथ टिप्पणियां भी की गईं। यहां तक कहा गया कि पाकिस्तान ने युद्ध के हालात पैदा किए हैं। उसके मंत्रियों और फौजी जनरलों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बार-बार धमकियां भी दीं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय परमाणु नियंत्रण नियमों से बंधा और प्रतिबद्ध है। तनाव की स्थितियों में ही पाकिस्तान ने दो मिसाइलों का परीक्षण कर युद्ध को भडकाने का काम किया है। धार्मिक आस्था के आधार पर पहलगाम नरसंहार की निंदा तो की गई, चिंता भी जताई गई, लेकिन पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के अंतर्संबंधों पर सवाल पूछने के अलावा कुछ ठोस नहीं किया गया। यह सुरक्षा परिषद की गरिमा, शक्ति, विश्वसनीयता पर ही सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र का औचित्य ही क्या है? सुरक्षा परिषद में महाशक्तियां भी मौजूद थीं। उनमें से 13 देशों ने भारत की 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' का भरपूर समर्थन किया है, लेकिन वे भारत की विनम्रता, शांतिप्रियता, क्षेत्रीय स्थिरता की दलीलें देते रहे। आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 28 मासूम और बेकसूर सैलानियों का कत्लेआम कर दिया, उस पर पाकिस्तान और आतंकी संगठनों की जवाबदेही तय करने का निर्णय नहीं लिया गया। आखिर भारत कब तक ऐसे वहशियाना हमले स्वीकार और झेलता रहेगा? बैठक में उपदेश दिए जाते रहे कि भारत युद्ध न करे। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव गुटेरस ने कहा कि भारत-पाक का टकराव 'आउट ऑफ कंट्रोल' हो सकता है। दोनों देश संयम बरतें और आपस में विवादों को सुलझाएं। गुटेरस की मध्यस्थता की पेशकश किसी भी देश ने स्वीकार नहीं की, लिहाजा उस पर भी कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका। यकीनन भारत और पाकिस्तान में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। भारत ने कूटनीतिक, आर्थिक, समुद्री बंदरगाह संबंधी और सिंधु जल संधि के प्रतिबंध पाकिस्तान पर थोपे हैं, उसके बावजूद लड़ाकू विमानों की गर्जनाएं सुनाई दे रही हैं और 244 जिलों में 'मॉक ड्रिल' के जरिए आम नागरिक को युद्ध के दौरान सुरक्षा के सबक सिखाए गए हैं। सवाल है कि सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य-देश जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद का 'छाया-युद्ध' बीते 30-35 सालों से भारत में जारी रखे है, लेकिन सुरक्षा परिषद बेजुबां और बेनतीजा रही है। क्या उसे बेमानी मान लिया जाए? युद्धों के कई उदाहरण हमारे सामने हैं। विध्वंस जारी हैं, मानवता के कत्लेआम किए जा रहे हैं, असंख्य लोग विस्थापित होकर शरणार्थी बन चुके हैं, भुखमरी के चौतरफा हालात हैं, लेकिन सुरक्षा परिषद कोई प्रभावशाली भूमिका नहीं निभा सकी है। अब भारत-पाक का तनाव सामने है। अब महाशक्तियों को सीमापार युद्ध को मान्यता देनी चाहिए। पाकिस्तान को जिम्मेदार और जवाबदेह करार दें और उस पर व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं। पाकिस्तान को एक 'गैर-जिम्मेदार देश' घोषित किया जाए। यह भी स्वीकार किया जाए कि उसकी फौज आतंकवाद का सहारा लेती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नील पर्वत के शिखर के समान विशाल ( शरीर वाले ) उस सूअर को देखकर राजा घोड़े को चाबुक लगाकर तेजी से चला और उसने सूअर को ललकारा कि अब तेरा बचाव नहीं हो सकता॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**आवत देखि अधिक रव बाजी। चलेउ बराह मरुत गति भाजी॥**
**तुरत कीन्ह नृप सर संधाना। महि मिलि गयउ बिलोकत बाना॥**

अधिक शब्द करते हुए घोड़े को (अपनी तरफ) आता देखकर सूअर पवन वेग से भाग चला। राजा ने तुरंत ही बाण को धनुष पर चढ़ाया। सूअर बाण को देखते ही धरती में दुबक गया॥

**तकि तकि तीर महीस चलावा। करि छल सुअर सरीर बचावा॥**
**प्रगटत दुरत जाइ मृग भागा। रिस बस भूप चलेउ सँग लागा॥**

राजा तक-तककर तीर चलाता है, परन्तु सूअर छल करके शरीर को बचाता जाता है। वह पशु कभी प्रकट होता और कभी छिपता हुआ भाग जाता था और राजा भी क्रोध के वश उसके साथ (पीछे) लगा चला जाता था॥

**गयउ दूरि घन गहन बराहू। जहँ नाहिन गज बाजि निबाहू॥**
**अति अकेल बन बिपुल कलेसू। तदपि न मृग मग तजइ नरेसू॥**

सूअर बहुत दूर ऐसे घने जंगल में चला गया, जहाँ हाथी-घोड़े का निबाह (गमन) नहीं था। राजा बिलकुल अकेला था और वन में क्लेश भी बहुत था, फिर भी राजा ने उस पशु का पीछा नहीं छोड़ा॥ (क्रमशः...)

# प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।




**ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेडे हुए हैं।**

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे।

इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही। पाकिस्तान के मीडिया ने प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए यह दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत के 6 फाइटर जेट मार गिराए हैं, जिसमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और 1 सुखोई शामिल हैं, साथ ही भारतीय सेना की 12वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के मुख्यालय को नष्ट करने का झूठा दावा भी किया गया। हालांकि भारत द्वारा इन बेबुनियाद झूठे दावों को सिरे से खारिज कर दिया गया है।

भारत का अगला कदम अब इस कार्रवाई को कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर वैश्विक समर्थन में बदलना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत आतंकवाद के खिलाफ अपने दृष्टिकोण को और मजबूत तरीके से प्रस्तुत करेगा। अमेरिका, फ्रांस, रूस और इजरायल जैसे देश पहले ही भारत के साथ खड़े नजर आ रहे हैं परंतु संयुक्त राष्ट्र और इस्लामी देशों के संगठन (आईओसी) में पाकिस्तान अपने झूठे प्रचार को हवा देने की कोशिश अवश्य करेगा, इसलिए भारत को अब इस कूटनीतिक लड़ाई में भी स्पष्टता और तथ्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। बहरहाल, ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य और कूटनीतिक परिपक्वता का प्रतीक है। इसने साबित कर दिखाया है कि भारत अब संयम और जवाबदेही के साथ अपनी रक्षा नीति पर अमल कर रहा है। 'सिंदूर' का रंग भले ही सांस्कृतिक दृष्टि से सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक हो परंतु इस सैन्य कार्रवाई में यह रंग आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बन गया है। भारत ने दुनिया को यह बता दिया है कि वह न तो युद्ध चाहता है, न टकराव लेकिन यदि उसकी सीमाओं, नागरिकों और संप्रभुता को कोई चुनौती देगा तो उसका जवाब भी उतना ही सटीक, तीव्र और निर्णायक होगा। भारत का यह बदलता हुआ रवैया उसकी सुरक्षा नीति को नई दिशा दे रहा है और यह संकेत है कि आने वाले समय में कोई भी आतंकी घटना भारत को मूकदर्शक नहीं बनाएगी बल्कि तत्काल और निर्णायक प्रतिघात से दुश्मन की कमर तोड़ी जाएगी।

**– योगेश कुमार गोयल**

# आपरेशन सिंदूर' एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।




यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव 'क्षमा करो और भूल जाओ' को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है। पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है।

पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मर्यादा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेक शून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है।

**– ललित गर्ग ( लेखक, पत्रकार, स्तंभकार )**

## राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं बहुत बचकर पार करें। लग्न का सूर्य आपको बहुत तरह से बचा रहा है

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
भावुकता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं संभव है। बाकी स्वास्थ्य की स्थिति थोड़ी मध्यम। व्यापार की स्थिति आपकी अच्छी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
ग्रह कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार भी अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है, व्यापार भी अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
मन चिंतित रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम, संतान की स्थिति भी मध्यम है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्यवश काम बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम, संतान में सुधार हो गया है।

# एक चुनाव से बचेगा देश का धन : पोसवाल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज ग्रेटर नोएडा में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर प्रबुद्ध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एक देश एक चुनाव कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल बतौर मुख्यतिथि सम्मिलित हुए। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल ने कहा कि देश की आज़ादी से अबतक लगभग 400 चुनाव हो चुके हैं। बार-बार चुनाव से देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है और बार बार चुनाव से लगने वाली चुनाव चुनाव संहिता से विकास कार्य अवरुद्ध होते हैं। देश में एक साथ चुनाव कराने से देश का पैसा बचेगा वो पैसा देश के विकास कार्यों में लगाकर देश विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ेगा।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि एक देश एक चुनाव यह पहल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक संगठित, पारदर्शी और कुशल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एक साथ चुनाव से प्रशासनिक स्थिरता, खर्च में कमी और जनभागीदारी में वृद्धि सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण प्रधान राज नागर कर्मवीर आर्य श्याम रावत अर्पित तिवारी ओमकार भाटी कपिल गुर्जर संदीप शर्मा विजय कसाना अमन कौशिक नीतीश भाटी आदि वरिष्ठ जनों के साथ कॉलेज के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एमिटी विश्वविद्यालय में पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बिहेवियरल (हेल्थ) एंड एलाइड सांइसेस द्वारा विभिन्न नैदानिक स्थितियों में साक्ष्य आधारित चिकित्सा, पारस्परिक चिकित्सा की समझ और अनुप्रयोग में जागरूकता एंव कौशल के प्रसार हेतु " "पारस्परिक चिकित्सा - नैदानिक परिणामों में परिवर्तन" विषय पर दो दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों हरियाणा, पंजाब, यूपी, महाराष्ट्र, गुजरात, और पश्चिम बंगाल के लगभग 120 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया। इस सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बिहेवियरल (हेल्थ) एंड एलाइड सांइसेस की निदेशक डा कल्पना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने प्रतिभागीयों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नैदानिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों और प्रशिक्षुओं के कौशल और ज्ञान को अद्यतन और बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान कार्यक्रम, इंटरपर्सनल साइकोथेरेपी का फोकस, उन्हें अपने ग्राहकों को कुशल सेवाएँ देने में लाभान्वित करेगा। उन्होनें कहा कि पारस्परिक संबंध भारतीय सांस्कृतिक ताने-बाने में गहराई से समाहित हैं, जहाँ परिवार, समुदाय और सामाजिक बंधन व्यक्तिगत पहचान और भावनात्मक कल्याण का मूल आधार बनते हैं। भारतीय संदर्भ में नैदानिक अभ्यास में पारस्परिक चिकित्सा को एकीकृत करना इन सांस्कृतिक मूल्यों के साथ संरेखित करता है और मनोचिकित्सा के लिए सांस्कृतिक रूप से सुसंगत दृष्टिकोण प्रदान करता है। संबंधपरक उपचार पर ध्यान केंद्रित करके, भारत में पारस्परिक चिकित्सा का अभ्यास अधिक सार्थक और टिकाऊ चिकित्सीय परिणाम प्राप्त करने में बहुत आशाजनक है।

# ईंट फैक्ट्री को हटाने को लेकर ग्रामीण लामबंद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गांव रूपवास के ग्राम वासियों ने गांव में चल रही ईट की फैक्ट्री को



हटाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

दादरी तहसील के रूपवास ग्राम में सिटू बेकर्स के नाम से फैक्ट्री चल रही है फैक्ट्री को हटाने के संबंध में उप जिलाधिकारी अनुज नेहरा को ज्ञापन सौंपा गया।

ग्रामीण विक्रम सिंह का कहना है कि आबादी के बीचो-बीच राख डालकर ईट बनाने का काम चल रहा है जो कि गलत है। आसपास के घर और ग्रामवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। काफी लोग बीमार हैं इस फैक्ट्री को लेकर ग्रामवासियों में रोष है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इसलिए ग्रामवासियों ने शासन और प्रशासन का सहारा लेते हुए एसडीएम से शिकायत की। जिन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन देने के दौरान सुरेश प्रधान विक्रम सिंह धूम सिंह अजीत प्रधान सुरेंद्र नेताजी भुमेश कुमार चावला प्रकाश चावला मनीष कुमार अशोक अंकित नागर अतुल,दीपक कुमार राजकुमार नेताजी मोहित कुमार विकास प्रिंस सचिन अभिषेक मनीष कपिल आदि मौजूद थे।

# पीडीए समाज का शोषण कर रही है सरकार : सुधीर भाटी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय



पर पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी सभी वर्ग परेशान है, आज सरकार द्वारा जनता की बुनियादी समस्याओं और जरूरतों की अनदेखी की जा रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछड़े और दलितों के हक छीनने का काम किया जा रहा है और पीडीए समाज का शोषण किया जा रहा है। सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली और विकास करने वाली पार्टी है।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, सुनील भाटी, जगवीर नम्बरदार, सुधीर तोमर, कपिल ननका, कृष्णा चौहान, देवेंद्र अवाना, यूनुस प्रधान, शशि यादव, लाल सिंह गौतम, विनोद लोहिया, राजेश रोही, अजय चौधरी एडवोकेट, कमल भाटी, नवीन भाटी, सुनील बदौली, विकास जतन, दीपक नागर, रविन्द्र यादव, सुदेश भाटी, मनोज शर्मा, विपिन सैन, जुगती सिंह, सीपी सोलंकी, दीपक शर्मा, बॉबी नागर, विकास भनौता, विक्रम टाइगर, लखन यादव, सीपी सोलंकी, वकील सिद्दकी, हैप्पी पंडित, कुलदीप भाटी, लखन जाटव, खुशी यादव, शाहरु? चौधरी, ओमवीर सैन, सलीम राव, अनीता चौहान, मेराजुद्दीन उस्मानी, अनीस अहमद, सत्यप्रकाश नागर, नितिन नागर, यशपाल भाटी, भुवनेश सैन, इंसाद ननका, नीरज तंवर, अलोक नागर, राजीव नागर, ज्योति यादव, नेहा वर्मा, सुषमा सिंह, उषा शर्मा, दिलशाना आदि मौजूद रहे।

# ग्रेनो में अध्ययन करने आए 5 आईएएस अफसर

ग्रेटर नोएडा। भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 5 आईएएस अफसर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, आईआईटीजीएनएल की स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब (एमएमएलएच) का अध्ययन करने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। इन अफसरों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक कर टाउनशिप और एमएमएलएच-एमएमटीएच के बारे में जानकारी प्राप्त की।

भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 5 आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस अफसर इशिता किशोर और सई आश्रित शाकमुरी, तमिलनाडु कैडर से आयुश गुप्ता, बिहार कैडर से आकांक्षा आनंद, हिमाचल प्रदेश कैडर से अंजलि गर्ग और बिहार कैडर से गरिमा लोहिया बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में जमीन अधिग्रहण से लेकर विकास कार्यों तक के बारे में जानकारी और अपने अनुभव साझा की। सीईओ ने कहा कि किसानों से जमीन लेकर उद्योगों को देने के पीछे मुख्य मकसद रोजगार और निवेश है, ताकि यहां के युवाओं को जीवकोपार्जन का एक जरिया बन सके। उन्होंने इन पांचों अफसरों को रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने की सीख दी। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने जमीन प्राप्त करने के एवज में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के बारे में जानकारी दी। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अब तक 25 से अधिक बड़ी कंपनियों को जमीन आवंटित किया गया है।


## सूचना

**चेतराम शर्मा कन्या इंटर कॉलेज सदरपुर**, नोएडा, गौतमबुद्धनगर की सहायक अध्यापिका श्रीमती मृदुला (संस्कृत विषय) जो कि दिनांक 01.04.2021 से लगातार (विद्यालय को बिना सूचना दिए) अनुपस्थित चल रही है । विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक दिनांक 01.04.2025 के द्वारा उनकी सेवाएं हमेशा के लिए छात्राओं के हित के लिए समाप्त कर दी गयी है। श्रीमती मृदुला जी के स्थायी पते पर विद्यालय द्वारा निम्न दिनांक में भेजे गए पत्रों.24.02 2023 27.03.2023 एवं 09 .05.2023 द्वारा सूचित किया जा चुका है। आज तक उनके द्वारा विद्यालय को कोई प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

**मैनेजर**
सी.आर.एस.गर्ल्स इंटर कॉलेज
सदरपुर,नोएडा, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश


# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर फैसला होगा ऐतिहासिक : बिंद

**भदोही (ब्यूरो)।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के संबंधित ज्ञानपुर विधानसभा के अंतर्गत ब्लॉक सभागार गोपीगंज में एक महत्वपूर्ण विषय को लेकर संगोष्ठी संपन्न हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भदोही डॉक्टर विनोद बिन्द तथा संचालन गोवर्धन राय ने किया अध्यक्षता सतीश पांडेय के द्वारा संपन्न किया गया।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के संबंधित मुख्य अतिथि डॉक्टर बिनोद बिन्द ने कहा आने वाले समय में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से सरकार का समय बचेगा। प्रशासन का भी समय बचेगा और जनता के ऊपर इसका बोझ कम होगा।

उन्होंने कहा कि भारत में 1952 से लेकर 1967 तक एक चुनाव लगातार हुए थे लेकिन पूर्ववर्ती सरकार अपने निहित स्वार्थ के चलते बीच-बीच में मध्यवर्ती चुनाव को कराया जिसके चलते जनता के ऊपर इसका बहुत बड़ा बोझ पड़ा।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता बाल दत्त पांडेय शेषनारायण पाठक बबलू सिंह राकेश दुबे वीरेंद्र पांडेय सौरभ मालवीय भुनेश्वर सिंह मोहन यादव राजबली प्रजापति शिव यादव राकेश विश्वकर्मा इत्यादि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलायेगी:–

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

**खास खबर**

## कोरियाई प्रायद्वीप पर बढ़ा तनाव

**प्योंगयांग।** इजराइल-हमास, रुस-यूक्रेन का युद्ध और भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ा तनाव कम भी नहीं हुआ था कि कोरियाई प्रायद्वीप में एक नई टेंशन शुरू हो गई है। यहां उत्तर कोरिया ने ताकत दिखाते हुए बैलिस्टिक मिसाइलें दाग दीं। इससे जापान और अमेरिका बुरी तरह हिल गया। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि पूर्वी बंदरगाह शहर वोंसान के आसपास के क्षेत्र से दागी गई मिसाइलें संभवत: कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें थीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने तुरंत यह नहीं बताया कि ये मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। ज्वाइंट चीफ्स ने कहा कि सेना ने निगरानी को मजबूत किया है और लॉन्च की जानकारी अमेरिका और जापान के साथ साझा की है। यह इस साल उत्तर कोरिया का छठा मिसाइल लॉन्च है। इससे पहले 10 मार्च को भी उसने बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया था।

## चेन्नई हवाई अड्डे पर 10 उड़ानें रद्द

**चेन्नई।** सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान संचालन लगातार दूसरे दिन बाधित रहा, जहां गुरुवार को 10 उड़ानें रद्द कर दी गई। यह व्यवधान जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई के परिणामस्वरूप हुआ है। हवाई अड्डा अधिकारियों ने पुष्टि की कि पांच प्रस्थान और पांच आगमन उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। ये रद्दीकरण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा लगाए गए हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों का प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जो वर्तमान में सीमा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए लागू किए गए हैं। रद्द की गई उड़ानों में चेन्नई से हिंडन (एयर इंडिया एक्सप्रेस), मुंबई (एयर इंडिया की सुबह 8:00 बजे और 9:35 बजे की उड़ानें), चंडीगढ़ (इंडिगो की सुबह 11:10 बजे की उड़ान), और शिवमोग्गा (स्पाइसजेट की दोपहर 2:00 बजे की उड़ान) के लिए प्रस्थान शामिल हैं।

## 45 लाख के जाली नोट के साथ 6 गिरफ्तार

**मुंबई ।** ठाणे पुलिस आयुक्त क्षेत्र में क्राइम ब्रांच ने भिवंडी में नकली नोटों का पूरा जखीरा बरामद किया है।पुलिस ने कुल 45लाख 50हजार रुपए के नकली नोट बरामद कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है।ठाणे पुलिस उप आयुक्त अमर सिंह जाधव ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि भिवंडी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवाने को प्राप्त सूत्रों से ज्ञात हुआ था कि इस क्षेत्र में नकली नोट धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं।इसके बाद क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागड़े को भिवंडी के अवांचित पाड़ा में नकली नोट चलाने वाले संदिग्ध आरोपियों के आने की सूचना मिली थी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन के निर्देश पर सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार के नेतृत्व में भिवंडी में 3मई 2025की रात सवा नौ बजे तीन संदिग्ध आरोपी( 1) सूरज तनाजी शैडे,(2 )भरत बालकु सासे तथा (3) स्वप्निल जगदीश पाटील को भिवंडी से गिरफ्तार कर 500रुपए के 60बंडल ( प्रति बंडल 100नोट) सहित तीस लाख रुपए के नकली नोट बरामद किए गए।

# सड़क हादसे में दरोगा व तीन सिपाही सहित पांच की मौत

▶ फिरोजाबाद से कैदी को पेशी पर मुजफ्फनगर ले जाते समय हुआ हादसा

एजेंसी

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के लोधा थाना क्षेत्र में एक कैदी को लेकर पेशी पर मुजफ्फनगर जा रही पुलिस वैन गुरुवार को खड़े कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में एक दरोगा, तीन सिपाही समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं एक पुलिसकर्मी घायल है, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि फिरोजाबाद




जिले से गैंगस्टर के आरोपित कैदी मुजफ्फरनगर निवासी गुलशनवर की कोर्ट में आज पेशी थी। पुलिसकर्मी उसे एक सरकारी पुलिस वैन से मुजफ्फरनगर लेकर जा रहे थे। जैसे ही पुलिस वैन लोधा इलाके से बाईपास हाईवे के चिकावटी मोड़ पर पहुंची तभी करीब सुबह 8.15 बजे खड़े कैंटर में पीछे से जा घुसी। हादसे में वैन का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और पुलिसकर्मी एवं कैदी घायल हो गए। इस सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य किया। हादसे में वैन सवार सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। एसपी सिटी ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने पुलिस उपाधीक्षक रामसजीवन, कांस्टेबल बालवीर, रघुवीर, चालक सिपाही चंद्रपाल और कैदी गुलशनवर को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल सिपाही शेरपाल सिंह को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

## ऑपरेशन सिंदूर में राफेल विमानों ने दिखाया कमाल, लगाए सटीक निशाने

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने पाकिस्तान को बेहद सटीक और आक्रामक अंदाज में दिया है। भारतीय सेना ने इस कार्रवाई को ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण नाम दिया। हमले के महज 15 दिन के अंदर भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर यह कार्रवाई की। यह एक संयुक्त ऑपरेशन था जिसमें तीनों भारतीय सेनाओं ने मिलकर कार्यवाही की और इन ठिकानों पर सटीक हमले किए। इन स्थानों पर आतंकी गतिविधियों की योजना बनती थी और वहीं से भारत पर हमले अंजाम दिए जा रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर में फ्रांस से लिए गए अत्याधुनिक राफेल लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। इन विमानों से स्कैल्प मिसाइलें दागी गई, जो कि दुश्मन के इलाके में



घुसकर सटीकता वार करने में सक्षम हैं। स्कैल्प एक क्रूज मिसाइल है जिसे यूरोपीय डिफेंस कंपनी एमबीडीए द्वारा तैयार किया है। इसका वजन करीब 1300 किलोग्राम है और इसकी 400 किलोग्राम तक विस्फोटक ले जाने की क्षमता है। राफेल विमानों को स्कैल्प मिसाइल के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है और भारतीय वायुसेना के सभी 36 राफेल फाइटर जेट इन्हीं मिसाइलों से लैस हैं। इस ऑपरेशन में राफेल और स्कैल्प की जोड़ी ने दुश्मन के मंसूबों पर पानी फेरते हुए भारतीय सैन्य क्षमता का स्पष्ट प्रदर्शन किया।

## बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के वाहन को बम से उड़ाया, 12 की मौत

एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तानी सेना और वहां की सरकार के खिलाफ बलूचों में जबरदस्त गुस्सा है। वे लगातार अपनी आवाज उठा रहे हैं और पाकिस्तानी सेना उनकी आवाज को दवाने का काम कर रही है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने बोलन घाटी में पाकिस्तानी सैनिकों से भरे एक वाहन को रिमोट बम से उड़ा दिया। इस धमाके में वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी 12 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तान के बम निरोधी दस्ते को टारगेट करते हुए एक आईईडी ब्लास्ट भी किया, जिसमें दो सैनिक



मारे गए हैं। इस तरह बलूचों के हमले में एक दिन के अंदर 14 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। भारत से सीमा पर पैदा हुए तनाव और एयरस्ट्राइक के बीच पाक को यह करारा झटका लगा है। पाकिस्तान के बम निरोधी दस्ते को टारगेट करते हुए एक आईईडी ब्लास्ट भी किया, जिसमें दो सैनिक मारे गए हैं। इस तरह बलूचों के हमले में एक दिन के अंदर 14 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। भारत से सीमा पर पैदा हुए तनाव और एयरस्ट्राइक के बीच पाक को यह करारा झटका लगा है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत का रुख पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक है। भारत ने मंगलवार और बुधवार की रात को जोरदार एयर स्ट्राइक पीओके के अलावा पाकिस्तान तक के अंदर घुसकर की हैं। इन हवाई हमलों में करीब 90 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। यही नहीं मुरीदके से लेकर बहावलपुर तक लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने ध्वस्त किए गए हैं। इस बीच पाकिस्तान को आंतरिक स्तर पर भी करारा झटका लगा है।

## एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को गुरुवार को बम से उड़ानें की धमकी मिली है। खेल परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार सुबह 9:13 पर ईमेल मिला। कर्मचारियों ने ईमेल को ओपन कर-के देखा तो उसमें स्टेडियम को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। मेल में लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा। मेल मिलने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। कंट्रोल रूम ने सभी अधिकारियों को बम का मेल मिलने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस, क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ता समेत कई टीमें स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम को खाली कराया गया।

## अगर भारत आक्रामक रुख से पीछे हटे तो तनाव हो सकता है खत्म : रक्षा मंत्री

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है तो अब पाकिस्तान की सेना और सरकार के सुर बदले नजर आ रहे हैं। एक तरफ सेना अब भी भारत को करार जवाब देने की बात कर रही है। वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अगर भारत अपने आक्रामक रुख से पीछे हट जाता है तो तनाव खत्म हो सकता है। मतलब साफ है कि पाकिस्तान की सेना और सरकार को खुद यह नहीं पता कि भारत की निर्णायक कार्रवाई के बाद उन्हें क्या रुख अपनाना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम शहबाज शरीफ ने इसे युद्ध की कार्रवाई करार देते हुए



कहा कि पाकिस्तान को इसपर जवाब देने का अधिकार है। उन्होंने भारत के जवाब पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने का ऐलान किया है। उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि भारत के हमले पाकिस्तान की संप्रभुता का खुला उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय शांति को खतरे में डालते हैं। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया। भारत का कहना है कि ये हमले आतंकवादी ठिकानों पर किए गए थे।

## गुजरात पुलिस ने 300 घुसपैठियों को बांग्लादेश डिपोर्ट किया

एजेंसी

**अहमदाबाद ।** गुजरात पुलिस ने हाल ही राज्य के विभिन्न शहरों से पकड़े गए 300 जितने घुसपैठियों को विशेष विमान के जरिए बांग्लादेश रवाना कर दियो विशेष विमान से घुसपैठियों को अगरतला ले जाया गया और वहां से वाहनों के जरिए बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया गया। गुजरात पुलिस के इतिहास में यह पहला अमेरिकी शैली का निर्वासन अभियान है। यह मिशन अवैध होने की पुष्टि होने के बाद एक से अधिक चरणों में चलाया गया। बांग्लादेशियों को अगरतला में विमान से उतरने के बाद वाहनों में छोड़ दिया गया है। पहलगाम हमले के दो सप्ताह बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने के लिए हवाई हमले किए हैं। उस समय गुजरात में अवैध रूप से घुस आए बांग्लादेशियों को वापस भेजने के लिए एक गुप्त अभियान चलाया गया था। गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद और सूरत सहित राज्य के कई जिलों में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। अहमदाबाद से 800 और सूरत से 134 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी लोगों के दस्तावेजों की जांच की गई और उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर यह जांच की गई कि क्या वे अवैध रूप से रह रहे थे।

## अमृतसर में पूरी रात रहा ब्लैकआउट

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में बुधवार देर रात तेज धमाकों की आवाज के बाद प्रशासन ने पटाखों पर बैन लगा दिया है। ये प्रतिबंध अगले आदेश तक जारी रहेगा। इस संबंध में जिला प्रशासन ने एक पत्र भी जारी किया है, साथ ही पंजाब पुलिस ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। अमृतसर प्रशासन के जारी पत्र के मुताबिक लोग शादी के मौके या धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पटाखे और आतिशबाजी करते हैं ऐसे पटाखे लोगों में दहशत पैदा करते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति को खतरा पैदा होता है। इसको ध्यान में रखते हुए जिले में पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया दिया गया है।

## भारत-पाकिस्तान एक दूसरे के दुश्मन नहीं, दुश्मन तो आतंकवाद और उग्रवाद है : मलाला यूसुफजई

एजेंसी

**लंदन।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया ने पाकिस्तान की आलोचना की थी। वहीं अमेरिका समेत यूरोप के देशों ने भी भारत को समर्थन दिया। ब्रिटेन और इजराइल ने खुलकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने की बात कही। इसी बीच शांति नोबेल प्राइज विजेता मलाला युसुफजई ने कहा कि पाकिस्तान और भारत एक दूसरे के दुश्मन नहीं हैं बल्कि दुश्मन तो आतंकवाद और उग्रवाद है। उन्होंने आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलाला ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत और पाकिस्तान को मिलकर आतंकवाद और बंटवारे की ताकतों



को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दखल देना चाहिए और शांति व बातचीत की वकालत करनी चाहिए। मलाला ने कहा कि वह खुद पाकिस्तान में आतंकवाद का शिकार हो चुकी हैं। 2012 में स्कूल जाते वक्त तालिबान ने उनपर जानलेवा हमला किया था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की जड़ों पर बात की जानी चाहिए। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि कोई पैदा होते ही उग्रवादी या फिर आतंकवादी नहीं होता है। कुछ ऐसी बातें होती होंगी जिसकी वजह से उग्रवादी और आतंकवादी पैदा होते हैं। हमें शांति के रास्ते से उन्हें कमजोर करना होगा। मलाला ने कहा कि जिन लोगों ने आतंकवाद की वजह से अपने परिजनों को खोया है उनको लेकर मैं बहुत दुखी हूं। उन्होंने कहा कि इस खतरनाक समय में पाकिस्तान में सभी मित्रों और परिवार के सदस्यों के बारे में विचार करती हूं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बातचीत को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। बता दें मलाला यूसुफजई को 2014 में शांति के नोबल से सम्मानित किया गया था।

## गेहूं खरीद में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो सभी संबंधित के खिलाफ की जायेगी कार्रवाई : मंडलायुक्त

एजेंसी

**मीरजापुर ।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में गेहू खरीद की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा गेहूँ खरीद के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। संभागीय खाद्य नियंत्रक आर बी प्रसाद द्वारा बताया गया कि 27448 किसानों ने पंजीकरण कराया है जिसमें से 6571 से ज्यादा किसानो ने ही अपना गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बेचा है, वर्तमान में मंडल को निर्धारित कार्यकारी लक्ष्य 88000 मीट्रिक टन के सापेक्ष 30218 मीट्रिक टन खरीद की गई जो लक्ष्य का 34.34 प्रतिशत है। बैठक में सोनभद्र और भदोही जनपद की प्रगति संतोषजनक नही होने पर मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि यदि मंगलवार तक खरीद में बढ़ोतरी नहीं हुआ तो क्रय एजेंसी के



मंडलीय अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि जितने किसानों ने पंजीकरण पोर्टल पर कराया है उन्हें फोन कर संपर्क करें और उन्हें क्रय केंद्रों पर जाकर गेहूँ बेचने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में केंद्र पर खरीद शून्य न हो और रविवार, सोमवार को सभी क्षेत्रीय प्रबंधक क्रय एजेंसी डीएफएमओ सहायक निबंधक कम से कम 10-10 क्रय केंद्र मोबाइल केन्द्र का निरीक्षण कर लॉंगीट्यूड के साथ फोटो शेयर करें। मंडलायुक्त ने ने कम खरीद करने वाले क्रय एजेंसी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। मण्डलायुक्त ने सबसे कम खरीद वाले क्रय एजेंसी पीसीएफ, यूपीएस, पीसीयू के जिला प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि गेहूँ खरीद में प्रगति नहीं हुई तो सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी केंद्र प्रभारी किसानों से संपर्क स्थापित कर खरीद लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने इसमें सभी उप जिलाधिकारी को लेखपाल व ग्राम प्रधान का सहयोग लिया जाय। बैठक में मंडल के सभी डिप्टी आरएमओ, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसस सहायक निबंधक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## पृष्ठ एक के शेष....

**पाकिस्तान के ओकारा....**

हर वार का जवाब दिया. हम हर खतरे का माकूल जवाब देने के लिए तैयार है।

बता दें कि इससे पहले भारतीय सेना ने भी बयान जारी किया था। इस ऑपरेशन के तहत जहां एक ओर आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम ने सीमाओं की रक्षा की, वहीं जवानों ने जमीन पर मोर्चा संभालते हुए हर हमले का जवाब दिया। नियंत्रण रेखा पर तैनात बटालियनों ने पाकिस्तान की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया और उसकी आगे बढ़ने की कोशिशों को विफल कर दिया। सेना के इस बयान के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। सीमावर्ती इलाकों में गश्त तेज कर दी गई है और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले भारतीय थलसेना ने पाकिस्तान के हमले की नाकाम कोशिश पर बयान जारी किया था. सेना ने बताया कि पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के सहरदी इलाकों में मिसाइल और ड्रोन से हमले की कोशिश की जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया. इस बीच आर्मी ने एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि कैसे उसने दुश्मन के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया।

सेना ने बताया कि 8 और 9 मई 2025 की रात पाकिस्तान की सेना ने पश्चिमी सीमा पर एक साथ कई हमलों की कोशिश की. पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और अन्य हथियारों के ज़रिए भारतीय सीमाओं को निशाना बनाया गया. इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (LoC) पर कई बार सीज़फायर का उल्लंघन किया गया।

सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत सभी ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया और सीजफायर उल्लंघनों का मुंहतोड़ जवाब दिया गया. सेना ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भारतीय सीमाओं की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे और किसी भी नापाक मंसूबे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बता दें कि आतंक के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान गुरुवार को जम्मू कश्मीर से लेकर जैसलमेर तक हिन्दुस्तान के करीब 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय सेना ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया।

**आज से राशन दुकानों में....**

उन्होंने बताया कि समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न गेहूं, चावल का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल वितरण की अंतिम तिथि 25.05.2025 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे।

**गंदगी की आगोश में ....**

गाड़ियां शुरू नहीं हुई है और ना ही कूड़ा उठाने वाले रिक्शा ने कूड़ा उठाने का काम शुरू किया है।

सेक्टर-12,22,19,31 समेत 21 सेक्टर में आंतरिक गलियों में कूड़ा उठाने वाले रिक्शे पिछले चार दिनों से नहीं आ रहे हैं। कई स्थानों पर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भी नहीं दिखाई पड़ रही है। नतीजा जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हआ है तथा दुर्गंध उठ रही है जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सेक्टर-122 एफएनजी विहार में महीनों से कूड़े का ढेर लगा है। अभी तक सड़कों पर कूड़े के ढेर को उठाने कोई भी गाड़ी नहीं आ रही है। नोएडा के कई सेक्टर में भी गंदगी का आलम व्याप्त है। जगह-जगह सड़कों पर कूड़ा सड़ रहा है तथा बदबू आ रही है लेकिन अभी तक कहीं कोई कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है।

**ट्रक ने कार में मारी....**

जानकारी के मुताबिक थाना दादरी क्षेत्र के कोट गांव के पास एचएच-91 पर एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी जिस वजह से कार में तीन लोग फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद कार को काटकर सभी को बाहर निकाला गया। तीनो घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती गया है। जानकारी मिली है कि एक व्यक्ति का पैर भी काटना पड़ा है।

**पांच लाख की फिरौती.....**

किशोर के स्वजन ने इसकी सूचना शिवाला कला पुलिस को दे दी। किशोर का अपहरण किए जाने और फिरौती मांगे जाने का पता लगता ही पुलिस हरकत में आ गई। इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच के साथ ही पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया।

गुरुवार की रात शिवाला कला थाना पुलिस के साथ ही स्वाट टीम किशोर को तलाश करते हुए थाना क्षेत्र के ही गांव इमलिया के जंगल में पहुंची थी। यहां जंगल में पुलिस को पांच संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने युवकों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली शिवाला कला थाने के इंस्पेक्टर शैलेंद्र चौहान की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। इसके बाद पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ में घायल हुए बदमाश ने अपना नाम अनिकेत पुत्र नरेंद्र निवासी हुसैनपुर कला और बदमाश के साथियों ने नकुल पुत्र नरेश सैनी, उमेश पुत्र उदेश कुमार निवासी हुसैनपुर कला और अनमोल पुत्र संजीव व आकाश पुत्र दिनेश निवासी गांव इमलिया बताया। बदमाशों ने बताया कि उन्होंने की आयुष का पांच लाख की फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या की है और शव को जमीन में दबाने के लिए लेकर जा रहे थे। पुलिस ने शव भी बरामद कर लिया है।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## खास खबर

### स्पिनर वरुण पर जुर्माना

**कोलकाता ।** आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर जुमार्ना लगाया गया है। वरुण पर सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज हुआ है। वरुण को आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ये मैच में किसी अन्य खिलाड़ी के प्रति अपमानजनक भाषा, कार्य या हाव-भाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने को लेकर है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, वरुण ने अपनी गलती को अपराध को स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की सजा को मान लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। इसके तहत जब कोई बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट रहा होता है तो उत्साह में कई बार गेंदबाज बल्लेबाज ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे बल्लेबाजी की ओर से जवाबी प्रतिक्रिया मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इससे कई अवसरों पर मैदानी अंपायरों को बीच-बचाव के लिए आना पड़ता है।

### बावुमा का डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलना संदिग्ध

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के टेस्ट कैप्टन टेम्बा बावुमा के जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेलने को लेकर आशंकाएं हैं। बाउमा अभी तक कोहनी की चोट से नहीं उबरे हैं। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला 11 जून से शुरू होगा और इसमें अभी दो माह का ही समय है। बावुमा कोहनी में चोट के कारण घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट से भी बाहर हैं। बावुमा पहले फाइनल के लिए केप टाउन से लायंस टीम के साथ जुड़ने वाले थे पर अब भी फिट नहीं होने के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। ये पहली बार नहीं है जब बावुमा खराब फिटनेस के कारण मुकाबलों से बाहर हैं। वह साल 2022 में भी अपनी बाईं कोहनी की चोट से परेशान थे। जिससे उन्हें काफी समय बाहर रहना पड़ा और वह तब इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये थे।

### आईपीएल से बाहर हुए राणा

**नई दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा आईपीएल से बाहर हो गये हैं। राणा की जगह पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को शामिल किया गया है। प्रीटोरियस को 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम के साथ जोड़ा गया है। रॉयल्स की टीम हालांकि प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। । हालांकि उन्हें लीग स्तर के बचे दो और मुकाबले खेलने हैं। ऐसे में टीम इस विदेशी खिलाड़ियों को वह अगले सत्र के लिए जांच रही हैं। राणा की जगह पर शामिल प्रीटोरियस ने 33 टी20 मैच खेले हैं और 97 के उच्चतम स्कोर के साथ 911 रन बनाए हैं। वह रॉयल्स में अपने आधार मूल्य 30 लाख में शामिल किय गये हैं। राणा ने इस सीजन 11 मैच में दो अर्धशतक सहित 217 रन बनाये हैं। प्रीटोरियस दक्षिण अफ्रीका के विकेट कीपर बल्लेबाज हैं, जिन्होंने हाल ही में लीग के दौरान अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा था।

# निरंजन सिंह ने भारत के लिए जीता रजत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एशियन पैरा-आमरसलिंग चैंपियनशिप में 65 किग्रा भारवर्ग (बैठकर खेलने की श्रेणी) में मध्यप्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले निरंजन सिंह ने रजत पदक हासिल किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब पीपल्स आमरसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया राजधानी में प्रतिष्ठित 23वीं एशियन आमरसलिंग चैंपियनशिप और 22वीं एशियन पैरा-आमरसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी कर रही है। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मध्यप्रदेश से ताल्लुक रखने वाले निरंजन ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा, ह्लआमरसलिंग में आना आसान नहीं था। मैंने कई खेल खेले हैं, क्रिकेट भी खेला और कुछ अन्य खेलों में भी भाग लिया। इस महीने के अंत में मैं व्हीलचेयर क्रिकेट के नेशनल्स में भी हिस्सा लेने जा रहा हूं, लेकिन आमरसलिंग ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। निरंजन की जिंदगी संघर्षों से भरी रही, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, मैं दिव्यांग हूं, मेरा जन्म बिना पैरों के हुआ था, इसलिए मेरे हाथ ही मेरी ताकत बन गए। उन्होंने कहा, मैंने ट्रैक्टर चलाया – क्लच, ब्रेक, एक्सेलेरेटर सब हाथों से संभाला। बाद में मैं डिलीवरी ड्राइवर की नौकरी करने लगा और अपने दम पर दुनिया को जाना। उसी दौरान मेरी मुलाकात वर्ल्ड चैंपियन अरविंद राजन से हुई, जिनका मुझ पर विश्वास मेरी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट बना। उन्होंने मुझे कोच मनीष कुमार से मिलवाया और वहीं से मेरी नई यात्रा शुरू हुई। उन्होंने आगे कहा, मैंने 2021 में इस खेल की शुरूआत की और 2022 में हैदराबाद में अपने पहले नेशनल्स में भाग लिया - जहां मैंने बाएं हाथ से जीत हासिल की। उस जीत ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया। उसके बाद मैंने दुबई में एशियन चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और कांस्य पदक जीता। तब से यह यात्रा काफी फलदायी रही है। निरंजन ने प्रो पंजा के को-फाउंडर परवीन डबास और पीपल्स आमरसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष व एशियन आमरसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति जंगियानी का विशेष धन्यवाद किया।



उन्होंने कहा, मैं परवीन सर और प्रीति मैम का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे और इस खेल को भरपूर समर्थन दिया। वे इस खेल को बढ़ावा देने के लिए दिल से मेहनत कर रहे हैं और मुझे गर्व है कि मैं इस प्रतियोगिता का हिस्सा हूं। यह सप्ताहभर चलने वाला आयोजन 10 मई को समाप्त होगा।

# जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य इस साल के अंत में चिली में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे भी इस खिलाड़ी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, ह्यमैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे



आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी। उन्होंने कहा, ह्यमेरा ध्यान जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिए काफी मेहनत कर रही हूं जिससे देश के पदक जीतने में अपनी ओर से योगदान दे सकूं ।

# चैम्पियंस लीग: पीएसजी ने फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**पेरिस।** फैबियन रुइज और अचरफ हकीमी के गोलों की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार देर रात को आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर कुल 3-1 के अंतर से चैम्पियंस लीग 2024-25 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह क्लब के इतिहास में दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है।

पहले चरण में 1-0 से बढ़त हासिल कर चुकी पीएसजी ने अपने घरेलू मैदान ह्यपार्क डेस प्रिंसह्ण में शानदार प्रदर्शन किया। 27वें मिनट में फैबियन रुइज ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट मारकर पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में



अचरफ हकीमी ने 72वें मिनट में दूसरा गोल दागकर मुकाबले को लगभग खत्म कर दिया। आर्सेनल के लिए बुकायो साका ने 76वें मिनट में एक गोल कर वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद एक ओपन गोल मिस कर बैठे। इससे पहले गोलकीपर डोनारुम्मा ने कई शानदार बचाव कर आर्सेनल को शुरूआती बढ़त लेने से रोका। 64वें मिनट में पीएसजी को एक विवादित पेनल्टी मिली, जब हकीमी के शॉट पर गेंद आर्सेनल के लुईस-स्केली के हाथ से छू गई। हालांकि, विटिन्हा इस मौके को गोल में नहीं बदल सके और डेविड राया ने शानदार बचाव किया। अब पीएसजी का मुकाबला 31 मई (1 जून, भारतीय समय अनुसार) को म्यूनिख में इंटर मिलान से होगा। इससे पहले पीएसजी 2020 में फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

आर्सेनल की यह दूसरी फाइनल में पहुंचने की कोशिश थी, जो 19 साल बाद संभव हो सकती थी। लेकिन एक बार फिर यूरोपीय खिताब की तलाश अधूरी रह गई। अब मिकेल आर्टेटा की टीम प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी बार उपविजेता बनने के लक्ष्य पर ध्यान देगी।

# रहाणे आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले शीर्ष दस खिलाड़ियों में शामिल

एजेंसी

**कोलकाता ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच में अपनी 48 रनों की पारी के साथ ही आईपीएली में अपने 5000 रन पूरे किये। रहाणे ने ये रन केवल 182 पारियों में ही बनाये हैं और ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह 9वें बल्लेबाज हैं। रहाणे ने साली 2008 में मुंबई इंडियंस की ओर से पहली बार खेला था। इसके बाद से ही उन्होंने राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स,



राइजिंग पुणे सुपरजायंट, केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी 6 फ्रेंचाइजियों के लिए जबरदस्त प्रदर्शन किया है। सबसे ज्यादा आईपीएल रन विराट कोहली के नाम हैं जबकि रहाणे इस सूची में शीर्ष दस खिलाड़ियों में शामिल हैं। रहाणे को खास तौर पर राजस्थान रॉयल्स की ओर से की गयी कप्तानी के लिए जाना जाता है। शांत स्वभाव वाले मशहूर रहाणे ने 2023 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में चेन्नई के साथ अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती। वह इस सत्र में अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# रॉकमैन प्रीमियर लीग का सुभारंभ



पंच संवाददाता

**रांची ।** रॉकमैन क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान मे रॉकमैन प्रीमियर लीग 2025 का गुरुवार को सुभारम्भ अकादमी के अध्यक्ष अर्चित आनंद, रांची जिला क्रिकेट संघ के सचिव शैलेन्द्र कुमार तथा अकादमी के सचिवसुरेश कुमार जी के करकमलो द्वारा किया गया सभी गणमान्य लोगों ने बच्चों से परिचय करते हुए उन्हें इस टूनामेंट मे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सुभकामनाये दिए। आज 1 मैच खेला गया, जिसमे द डोमिनटर कि टीम ने जीत हासिल किये इस मुकाबले में पियूष कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। इस उद्घाटन समारोह मे और गणमान्य लोगों मे पूर्व रणजी ट्रॉफी प्लेयर सुबास चटर्जी, अखिलेश चतुर्वेदी, प्रेम प्रकाश शर्मा, प्रभात सहदेव, मुकुल सिंह, आदि लोग भी मौजूद थे।

## धोनी के नरेन की स्टंपिंग पर उठे सवाल

**कोलकाता ।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने जिस प्रकार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर ) के खिलाफ मैच में सुनील नरेन को स्टंप आउट किया उसपर सवाल उठे हैं। गेंद नरेन के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और जमीन पर लुढ़क गई। वहीं धोनी ने तेजी से गेंद को उठाया और नरेन के क्रीज पर लौटने से पहले ही विकेट गिरा दिये। 43 की उम्र में धोनी की इस प्रकार की स्टंपिग देखकर सभी हैरान रह गये। धोनी के इस प्रकार नरेन को स्टंप आउट करने पर विवाद भी उठा हैं क्योंकि आईसीसी नियमों के अनुसार अगर ग्लव्स स्टंप से आगे हों तो स्टंपिंग अमान्य होती है और इसे नो-बॉल माना जाता है पर यह नियम तब लागू होता है जब गेंदबाज रन-अप शुरू करता है और गेंद स्टंप को पार कर जाती है या बल्लेबा के बल्ले पर लग जाये।

# वानखेड़े स्टेडियम में होगा पंजाब और मुम्बई इंडियंस मैच

एजेंसी

**धर्मशाला ।** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच 11 मई को होने वाला आईपीएल मुकाबला अब मुम्बई में होगा।

सुरक्षा कारणों से धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद होने के कारण इस मैच को मुंबई में कराया जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार हवाई अड्डा बंद रहने पर मैच मुंबई में ही कराया जाएगा। वहीं दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार होगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) के एक सूत्र ने कहा कि हमें बीसीसीआई या केंद्र और राज्य सरकारों से दिल्ली और पंजाब का मैच रद्द करने के बारे में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। जब तक कोई आधिकारिक निर्देश नहीं



मिलता, हम कार्यक्रम के अनुसार ही काम करेंगे। पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने कहा कि हमें अभी तक स्थल परिवर्तन के बारे में नहीं बताया गया है। हम बीसीसीआई के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है। पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई परेशानी नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे। वहीं दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आएंगे क्योंकि जिन्हें रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि इस समय सब कुछ अनिश्चित है। टीमों से बात चल रही है और वे भी विचार कर रहे हैं कि हवाई अड्डा बंद रहने पर धर्मशाला से दिल्ली वापिस कैसे आना है। गौरतब है कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इसके बाद से देश में उत्तर और पश्चिम हिस्सों के कम से कम 18 हवाई अड्डे बंद कर दिए गए हैं जिनमें श्रीनगर, लेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल है। वहीं बीसीसीआई ने कहा है कि हम सरकार के सभी निद्रेशों का पालन करेंगे।

# अगले सत्र के लिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों पर ध्यान दे रहे धोनी

एजेंसी

**कोलकाता ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रदर्शन आईपीएल के इस 18 सत्र में अच्छा नहीं रहा है और उसे केवल तीन मुकाबलों में ही जीत मिली है। टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुकाबले में मिली जीत के बाद कहा है कि टीम ने अगले सत्र की तैयारियों पर ध्यान देंगे। धोनी ने कहा कि इस बार कई बातें हमारे खिलाफ रहीं जिससे भी टीम को नुकसान हुआ। धोनी ने जोर देकर कहा कि व्यावहारिक रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना होगा कि क्या गलत हुआ। हमारे पास 25 खिलाड़ी हैं और मैं इस पर



ध्यान दे रहा हूं कि अगले साल के लिए कौन सा बल्लेबाज कहां उपयोगी साबित हो सकता है। इसके अलावा कौन सा गेंदबाज हालातों के अनुसार ढ़ल सकता है। धोनी ने बल्लेबाजों से कहा कि रन नहीं मिलने पर भी वह अपना मनोबल बनाये रखें और अपनी क्षमता से शॉट लगायें। धोनी ने आयुष म्हात्रे जैसे युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि ये खिलाड़ी अब हमारे दल का हिस्सा हैं। आप उन्हें नेट्स या प्रैक्टिस मैचों में देख सकते हैं। उन्हें अवसर देना जरूरी है जिससे ये मानसिक मजबूती और खेल को लेकर जानाकरी हासिल कर सकें। साथ ही कहा कि तकनीक से ज्यादा जरूरी है कि वे गेंदबाज की रणनीति को समझें और उनकी खराब गेंद को पकड़कर शॉट खेलें। वहीं अपने भविष्य को लेकर सवाल पर धोनी ने कहा हर जगह मिलने वाला प्यार और सम्मान शानदार है। मैं केवल दो महीने खेलता हूं। इस आईपीएल के बाद मुझे अपने शरीर की स्थिति देखनी होगी कि क्या मैं इस दबाव को झेल सकता हूं। अभी कुछ तय नहीं किया जा सकता है।

# झारखंड राज्य कराटे चैम्पियनशिप आज से

पंच संवाददाता

**रांची ।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के तत्वावधान में आज 9 मई से 3 दिवसीय झारखंड स्टेट सब जूनियर कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप खेल गांव स्तिथ ताना भगत इंडोर स्टेडियम में प्रारम्भ होने जा रहा है इस चैंपियनशिप में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलो से 500 से ज्यादा कराटे प्लेयर्स भाग ले रहे है दिनांक 9 मई को 12 वर्ष एवम 13 वर्ष के बालक एवं बालिकाए कारटे प्लेयर्स भाग लेंगे। 10 मई को 6 वर्ष से 11 वर्ष बालक एवं बालिकाए एवं 11 मई को 14 वर्ष से 17 वर्ष के बालक एवं बालिकाए प्लेयर्स भाग लेंगे। झारखंड स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हँसी मानस



सिन्हा ने बताए की इस चैम्पियनशिप में वही भाग ले सकते है जो कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त स्टाइल है एवं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सदस्य है। इस चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले सभी बालक एवं बालिकाए प्लेयर्स देहरादून में होने वाले नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एसकेएजे सीईओ के के सिंह ,हांशी मानस सिन्हा, सचिव सेंसाई हेजाज असदक , शिहान नप्पु सिन्हा , शशि पांडे , रंजीत मेहता ,संजय मिश्रा, मनोज शर्मा ,संजय सोनकार एवं लगभग KIO से मान्यता प्राप्त 30 कराटे रेफरी एवं जज अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे ।

# उतार-चढ़ाव से भरा रोहित शर्मा का यादगार करियर

▸ ओपनर बनने के बाद बदला ग्राफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जब कोई भारतीय टेस्ट क्रिकेट का जिक्र करता है तो विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, चेतेश्वर पुजारा जैसे नाम सबसे पहले याद आते हैं लेकिन, रोहित शर्मा, जिन्हें दुनिया 'हिटमैन' के नाम से जानती है, का टेस्ट करियर भी कुछ कम दिलचस्प नहीं रहा। अब जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, तो उनके सफर पर एक नजर डालना जरूरी है, जो संघर्ष, वापसी और अंत में एक मजबूत ओपनर बनने की कहानी कहता है। रोहित ने 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था, लेकिन टेस्ट कैप उन्हें 2013 में मिली। उस वक्त



तक वह घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित कर चुके थे। अपने पहले ही टेस्ट में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की यादगार पारी खेली, जो सचिन तेंदुलकर के आखिरी टेस्ट का हिस्सा भी थी। इसके बाद उन्होंने नाबाद 111 रन की पारी खेली और टेस्ट करियर की शुरूआत धमाकेदार की।अगर बात घर के मैदानों की करें, तो रोहित का बल्ला जमकर बोला। भारत में खेले 34 टेस्ट में उन्होंने 51.73 की औसत से 2,535 रन बनाए, जिसमें 10 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं। 2019 में जब उन्हें टेस्ट ओपनर बनाया गया, तब उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 176 और 127 की पारियों से सभी को चौंका दिया। रांची में 212 रन का स्कोर उनका टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ रहा। विदेशों की पिचों पर कहानी कुछ और रही। 33 टेस्ट में उन्होंने सिर्फ 1,766 रन बनाए, औसत महज 30.98 रहा। सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में उनका औसत और भी नीचे, सिर्फ 28.17 रहा।

मिडल ऑर्डर में रहकर 2013-18 तक रोहित ने 27 टेस्ट में सिर्फ 1,585 रन बनाए। लेकिन जब उन्हें ओपनर बनाया गया, तब उनके प्रदर्शन में स्थिरता दिखने लगी। उन्होंने उस रोल में 2,674 रन बनाए, जिसमें सात शतक भी शामिल हैं। हालांकि विदेशों में ओपनर बनने के बाद भी औसत 37.63 तक ही पहुंचा।

2021 में इंग्लैंड के खिलाफ पटौदी ट्रॉफी में रोहित ने 368 रन बनाकर सभी को प्रभावित किया था। 127 की शानदार पारी उसी सीरीज में आई, जो सेना देशों में उनका इकलौता टेस्ट शतक रहा। घरेलू मैदान पर रोहित ने कप्तानी करते हुए 16 टेस्ट में 10 जीते, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 की शर्मनाक हार उनके कार्यकाल का सबसे बड़ा झटका रही। विदेशी सरजमीं पर उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट जीते, और सेना में सिर्फ एक। बल्लेबाज के रूप में कप्तान रहते हुए उनका औसत विदेश में गिरकर 14.90 तक चला गया।

वेस्टइंडीज रोहित की फेवरेट विरोधी टीम रही है। इस टीम के खिलाफ 6 टेस्ट में 578 रन, तीन शतक और औसत 96.33 रहा। इंग्लैंड के खिलाफ भी उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा। 14 टेस्ट में 1,147 रन, चार शतक शामिल रहे। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा, लेकिन वह लगातार अच्छा नहीं कर सके।



रियाद में सउदी प्रो लीग में खेलते हुए अल नसार के ब्रोजोविक।

# क्या आप हैं अच्छे प्रोफेशनल

**इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस पेशे में हैं या कहां नौकरी कर रहे हैं। जो बात मायने रखती है, वह यह कि आप अपने पेशेवर दायित्वों को कितनी निष्ठा और ईमानदारी से निभा रहे हैं। एक अच्छा प्रोफेशनल बहुत आसान से दिखने वाले कामों को भी पूरे समर्पण और विशिष्टता के साथ पूरा करता है।**



ह्यूमन रिसोर्स के करियर में कई लोगों को इस सवाल से जूझते देखा गया है। रोचक यह है कि यह दुविधा कई लोगों को होती है, चाहे वे किसी भी प्रोफेशन से जुड़े हों, चाहे वे कितने भी अनुभवी हों और चाहे करियर के जिस भी पड़ाव पर हों। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि किसी का प्रोफेशन क्या है, फर्क इससे पड़ता है कि वह अपने कर्तव्यों को किस प्रतिबद्धता से पूरा कर रहा है।
अगर आप चाहते हैं कि आप भी प्रोफेशनल कहलाएं, कोई मुकाम हासिल करें और लोग आपकी उपलब्धियों को याद रखें तो आपको अपने काम करने के तरीकों पर गौर करने की जरूरत है। याद रखें, लोग सिर्फ परिणाम देखते हैं, आपके इरादे या बातें नहीं। जानते हैं ऐसी ही कुछ बातें, जो आपको एक अच्छा प्रोफशनल बना सकती हैं।

## वादों और इरादों में सामंजस्य

हम सब कई तरह के वादे करते हैं, पर एक अच्छा प्रोफेशनल अपने वादों को पूरा करने का पक्का इरादा रखता है। जब हम लोगों को यह दिखाते हैं कि हमारे वादे हमारे इरादों से अलग नहीं हैं तो वे सारे वादे कितने ही साधारण क्यों न हों, हमें सामने वालों की नजरों में खास बना देते हैं। ऐसी स्थिति में आसपास रहने वाले लोग भी अपने वादे पूरे करने के लिये प्रेरित होते हैं। लंदन बिजनेस स्कूल के विशेषज्ञों डोनल्ड सेल और डॉमिनिक होल्डर के मुताबिक, जब तक हमें यह नहीं मालूम होता कि हमारे लिये सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है, तब तक हमारे वादे और इरादे एक नहीं हो पाते। प्रोफेशनल्स को यह पता होता है कि उनके लिये सबसे अधिक महत्वपूर्ण क्या है। इसी कारण वे अपने लक्ष्य से भटकते नहीं हैं।

## दूसरे प्रोफेशनल लोगों के प्रति आदर

एक प्रोफेशनल व्यक्ति अपने ही जैसे दूसरे प्रोफेशनल लोगों का सम्मान करता है। यह सही है कि हम सब अपने संस्थान में अलग-अलग तरह की पेशेवर योग्यताओं के कारण अलग-अलग भूमिकाएं निभाते हैं। यदि हम कुछ काम दूसरों से बेहतर करते हैं तो कई काम ऐसे हैं, जो दूसरे हमसे बेहतर करते हैं। पर कई बार हम दूसरों के कामों का महत्व कम आंकते हैं। आज की दुनिया तेजी से विशेषज्ञता की ओर जा रही है। आज वही सफल हैं, जो दूसरों की विशेषज्ञता की कद्र करते हैं और उनसे सीखने के लिए तत्पर रहते हैं। इसलिए किसी के बारे में कुछ भी बोलने से पहले अपनी जरूरतों के बारे में सोच लेना अच्छा रहता है।

## विशेषज्ञ दिखने और होने का अंतर

किसी प्रोफेशनल व्यक्ति की इज्जत उसके विशेष ज्ञान के कारण होती है, पर क्या आप इस विशेषज्ञता के कारण व्यक्ति के बदले हुए व्यवहार को पसंद करेंगे? अगर आपको एक घमंडी और एक विनम्र प्रोफेशनल में से किसी को चुनना हो तो आप किसे चुनेंगे? इस सवाल का जवाब बहुत ही आसान है। मानवीय संबंधों के नियम ऊंचे और नीचे के स्तर में भेद नहीं करते। अगर आपकी काबिलियत आपको दूसरों से बेहतर बनाती है तो भी आपको दूसरों से उनके स्तर पर ही बातचीत करनी होती है। लीडरशिप ट्रेनर पीटर ब्लॉक ने कहा है, 'अगर आप दूसरों से इंसानों की तरह पेश नहीं आते तो चाहे आपकी सलाह कितनी भी लाभदायक क्यों न हो, लोग आपसे मिलना और आपकी बातों को मानना पसंद नहीं करेंगे।'

## अच्छाइयों पर ध्यान देना


इंसान में कमजोरियां स्वाभाविक हैं, लेकिन एक प्रोफेशनल व्यक्ति अपनी खूबियों के बल पर ही सफलता पाता है। गैलप के द्वारा 63 देशों में 101 कंपनियों के 17 लाख कर्मचारियों पर किये गये सर्वेक्षण में यह पाया गया कि अपने रोजमर्रा के कामों में मात्र 20 प्रतिशत लोग ही अपनी खूबियों पर ध्यान देते हैं और उनका उपयोग करते हैं। इसी तरह से एक प्रोफेशनल व्यक्ति भी दूसरों की खूबियों पर ध्यान देता है, न कि उनकी कमजोरियों पर। सामने वाले व्यक्ति में खूबियां ढूंढ़ना और उसे उसकी क्षमता से अधिक करने के लिये प्रेरित करना प्रोफेशनलिज्म की निशानी है।

## प्रोफेशनल आचरण का पालन

प्रोफशनल शब्द प्रोफेशियो से बना है, जिसका अर्थ है, शपथ लेना या कसम खाना। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार प्रोफेशनल वही है, जो किसी पेशे से जुड़ा हुआ होता है। प्रोफेशनल होने के कारण हमें पेशे से जुड़े नीति, नियम, आचार, विचार आदि पर ध्यान देना होगा। रोजमर्रा के जीवन में इन नियमों का पालन करने से ही लोग हमें सम्मान देते हैं। वास्तव में प्रोफेशनल और गैर प्रोफेशनल के बीच सबसे बड़ा अंतर इन नियमों के पालन का ही है। पीटर ड्रकर के अनुसार लक्ष्य पाने के लिये मूल्यों का होना जरूरी है और दिशा-निर्देशक मूल्यों के बगैर हर प्रोफेशन अधूरा है। यही मूल्य आचरण के नियमों में बदल जाते हैं। भले ही यह दिखायी न पड़े, लेकिन इसके बगैर कोई भी इंसान पूरी तरह प्रोफेशनल नहीं हो सकता।



**फाइनेंशियल प्लानर का करियर युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय होता जा रहा है। इस फील्ड में अवसरों की कोई कमी नहीं है। इसमें करियर की संभावनाओं के बारे में बता रहे हैं**



# फाइनेंशियल प्लानर पूंजी के रखवाले



इसमें कोई दो राय नहीं कि गत कुछ वर्षो से देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलाव आया है। कई विदेशी कंपनियां भी यहां खुद को स्थापित कर रही हैं। इससे कई सेक्टर गुलजार हो रहे हैं। इन्हीं में से एक फाइनेंस सेक्टर भी है। चाहे मल्टीनेशनल कंपनियां हों या अन्य, सभी में फाइनेंशियल प्लानर अथवा उससे जुड़े एक्सपर्ट्स की जरूरत है। प्राइवेट सेक्टर के बैंकों की बुनियाद ही फाइनेंशियल प्लानर के बूते रखी जाती है।
सही मायने में देखा जाए तो फाइनेंस प्रबंधन से जुड़ा वह विज्ञान है, जिसमें धन या अन्य साधनों के निवेश की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी मिलती है। इसमें वित्तीय आदान-प्रदान में प्रबंधन के नए-नए तरीके ईजाद किए जाते हैं। इसमें इंटरनेशनल फाइनेंसिंग, मल्टी करेंसी ट्रेनिंग, अरेंजिंग स्वेप, इंटरनेशनल लीज, फाइनेंसिंग आदि को शामिल किया जा सकता है। इन सब में फाइनेंशियल प्लानरों की भूमिका अहम होती है।

### पाठ्यक्रम से जुड़ी जानकारी

इसमें एमबीए, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा से लेकर कई तरह के सर्टिफिकेट कोर्स मौजूद हैं। सीए, सीएस, सीएमए व सीएफए करने के बाद भी फाइनेंशियल प्लानिंग का काम किया जा सकता है। एमबीए व पीजी डिप्लोमा में प्रवेश कैट, मैट व ऐसी ही किसी अन्य मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद मिलता है। कई ऐसे पाठ्यक्रम हैं, जिनमें प्राइवेट संस्थान वर्ष भर में दो बार दाखिला लेते हैं। अधिकांश पाठ्यक्रम ऐसे हैं, जो वर्किंग प्रोफेशनल्स को ध्यान में रख कर शुरू किए गए हैं।

### किन क्षेत्रों में हैं अवसर

विगत कुछ वर्षों के बाजार को देखते हुए कहा जा सकता है कि इसमें फाइनेंशियल प्लानर के लिए रोजगार के भरपूर अवसर हैं। कुछ चुनिंदा क्षेत्र निम्न हैं-

**फाइनेंशियल प्लानिंग फर्म्स-** फाइनेंशियल प्लानिंग मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर तथा एसोसिएट ऑडिटर जैसे कई महत्वपूर्ण स्थान हैं, जहां बैठ कर अपनी किस्मत संवारी जा सकती है।
इंश्योरेंस कंपनीज- लगभग 25 प्रतिशत की दर से ग्रोथ कर रही इंश्योरेंस इंडस्ट्री में जीवन बीमा व सामान्य बीमा, दोनों रूपों में अवसर मिलते हैं। इसमें सामान्यत: ब्रांच मैनेजर, सेल्स मैनेजर, ऑपरेशन मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, एजेंसी मैनेजर के रूप में काम किया जा सकता है, जबकि ब्रोकिंग फर्म्स में रिसर्च एनालिस्ट, रिलेशनशिप मैनेजर जैसे पद मिलते हैं।
**बैंकिंग सेक्टर-** पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात छात्र यदि बैंकिंग के क्षेत्र में हाथ आजमाना चाहते हैं तो मुख्यत इनवेस्टमेंट एडवाइजरी मैनेजर, इनवेस्टमेंट रिलेशनशिप मैनेजर, रिटेल रिलेशनशिप ऑफिसर, म्युचुअल फंड मैनेजर आदि पद पर जा सकते हैं।
**केपीओ सेक्टर-** केपीओ यानी नॉलेज प्रोसेसिंग आउटसोर्स तेजी से अपना जाल फैला रहा है। फाइनेंशियल कोर्स के पश्चात छात्र डाटा एनालिस्ट, मार्केट रिसर्चर, क्लाइंट डेवलपमेंट एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट, फाइनेंशियल एनालिस्ट तथा रिसर्च एसोसिएट के रूप में अपनी सेवाएं दे सकते हैं।
**इक्विटी रिसर्च फर्म्स-** इस क्षेत्र में डिग्री धारक छात्र रिसर्च एनालिस्ट, इक्विटी एनालिस्ट, बिजनेस एनालिस्ट, रिसर्च एसोसिएट तथा टेक्निकल एनालिस्ट बन कर पद तथा प्रतिष्ठा दोनों अर्जित कर सकते हैं।
**नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज-** रिलेशनशिप मैनेजर, फाइनेंशियल प्लानिंग मैनेजर आदि के रूप में अलग पहचान बनाने की तमन्ना रखने वाले छात्रों के लिए भी यह सुनहरा क्षेत्र है।

### शैक्षिक योग्यता

ज्यादातर कोर्स पीजी अथवा मास्टर लेवल के हैं। ऐसे में इन कोर्सो के लिए छात्र का ग्रेजुएट होना आवश्यक है। कुछ संस्थान फाइनेंशियल प्लानिंग में सर्टिफिकेट कोर्स भी कराते हैं। इसके लिए भी संबंधित संस्थान ग्रेजुएट की डिमांड करते हैं। कुछ ऐसे भी कोर्स चलन में आए हैं, जिन्हें बारहवीं (कॉमर्स, इकोनॉमिक्स व स्टैटिस्टिक्स सहित) के बाद किया जा सकता है।

### आवश्यक स्किल्स

शैक्षिक योग्यता के साथ-साथ कई ऐसे गुण भी हैं, जो जॉब दिलाने के साथ-साथ प्रोफेशन में भी आगे ले जाते हैं। इनमें मुख्य रूप से धैर्य, टीम वर्क, प्रॉब्लम सॉल्विंग, टैक्स-बिजनेस आदि में रुचि, तार्किक दिमाग, प्रभावशाली संवाद, कम्प्यूटर की जानकारी, क्लाइंट से किया गया वादा पूरा करने का सामर्थ्य आदि शामिल हैं।

### संभावनाएं

फाइनेंशियल प्लानर के रूप में प्रोफेशनल्स को कई जगह अवसर मिलते हैं। फ्रेशर्स को वेल्थ मैनेजमेंट, टैक्स कंसल्टेंसी, पेंशन फंड, फाइनेंशियल सर्विस फर्म व कई सारे बैंक इन्हें ट्रेनी अथवा एग्जिक्यूटिव के रूप में जॉब देते हैं। जैसे ही ये उससे ऊपर उठते हैं, उन्हें सेल्स मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर, वेल्थ मैनेजर की पोस्ट मिलती है। यदि खुद का काम करना चाहते हैं तो कंसल्टेंसी खोल कर या फीलांस के रूप में अपनी सेवा दे सकते हैं।

### एजुकेशन लोन

छात्रों को प्रमुख राष्ट्रीयकृत, प्राइवेट अथवा विदेशी बैंकों द्वारा एजुकेशन लोन प्रदान किया जाता है। छात्र को जिस संस्थान में एडमिशन कराना होता है, वहां से जारी एडमिशन लेटर, हॉस्टल खर्च, ट्यूशन फीस एवं अन्य खर्चो का ब्योरा बैंक को देना होता है। अंतिम निर्णय बैंक को करना होता है।

### वेतनमान

इस प्रोफेशन में सेलरी के रूप में कभी निराशा हाथ नहीं लगती। इसमें एंट्री लेवल पर प्रोफेशनल्स को 15-20 हजार रुपए प्रतिमाह मिलते हैं। दो-तीन साल के अनुभव के पश्चात यह सेलरी बढ़ कर 30-35 हजार रुपए प्रतिमाह हो जाती है, जबकि सीनियर लेवल पर 50-60 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहे हैं। कई ऐसे प्रोफेशनल्स हैं, जो जॉब न कर खुद की कंसल्टेंसी सर्विस चला रहे हैं। उनके लिए आमदनी की कोई निश्चित सीमा नहीं होती।

# इंजीनियरिंग छात्र बनेंगे और रोजगार कुशल



**रोजगार के लिहाज से कुशलता के लिए इंजीनियरिंग छात्र उच्च संस्थानों से प्रशिक्षण हासिल करेंगे. भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के बाद अब राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईई-एलआईटी) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे.**

इंजीनियरिंग के छात्रों को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बीएसएनएल से हाथ मिलाने के बाद अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) एनआईईएलआईटी के साथ हाथ मिलाएगा. एनआईईएलआईटी से एआईसीटीई के साथ अनुबंध होने के बाद इंजीनियरिंग के छात्र पाठ्यक्रम के अलावा प्रायोगिक रूप से रोजगार के लिहाज प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे.
उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के तहत आने वाले देशभर के इंजीनियरिंग कालेजों के छात्र अपने पाठ्यक्रम के मुताबिक शिक्षा प्राप्त करते हैं. लेकिन इन छात्रों को रोजगार के लिहाज से कुशल प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है. इसके मद्देनजर एआईसीटीई ने कुछ महीने पहले बीएसएनएल के साथ एक अनुबंध किया था कि इंजीनियरिंग छात्रों को रोजगार के मुताबिक इंजीनियरिंग छात्रों को प्रशिक्षित किया जा सके और वे टेलीकॉम उद्योग के क्षेत्र में कुशलता हासिल करके रोजगार प्राप्त कर सके. इसके लिए बीएसएनएल के 43 प्रशिक्षण केंद्रों में अब तक 7500 इंजीनियरिंग छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है. वोकेनशल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत बीएसएनएल के प्रशिक्षण केंद्रों में एआईसीटीई की ओर इंजीनियरिंग कालेजों के छात्रों को नामित किया जाता है. इसी तरह से अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ अनुबंध करने जा रहा है. इसके बाद इंजीनियरिंग के छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक एवं इंफार्मेशन टेक्नालॉजी का प्रशिक्षण एनआईईएलआईटी के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण मिल सकेगा. एआईईएलआईटी के देशभर में करीब आठ सौ प्रशिक्षण केंद्र हैं. अनुबंध के बाद एआईईएलआई के प्रशिक्षण केंद्रों में इंजीनियरिंग के छात्रों को प्रशिक्षण के लिए नामित करने का काम एआईसीटीई की ओर से किया जाएगा.



### नोरा ने बिलबोर्ड फीचर के साथ

# रचा इतिहास



**एक** ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत नोरा फतेही ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह एक सच्ची ग्लोबल स्टार हैं। नोरा फतेही एक बार फिर सुर्खियों में हैं, इस बार टैलेंट मैनेजर और सीईओ अंजुला आचार्य और रैपर किंग जैसे इंडस्ट्री के पावर प्लेयर्स के साथ बिलबोर्ड फीचर की शोभा बढ़ा रही हैं! वार्नर ब्रदर्स के साथ तीनों की अभूतपूर्व साझेदारी ने उन्हें बिलबोर्ड फीचर में एक प्रमुख स्थान दिलाया है, जहाँ उनके संगीत और मनोरंजन के ज़रिए संस्कृतियों को जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया है। यह कवर फीचर नोरा की पॉप म्यूजिक की दुनिया में क्रॉसओवर को सुदृढ़ करता है, और अंजुला आचार्य ने इसे संभव बनाने के लिए 5 जंक्शन रिकॉर्ड्स और वार्नर रिकॉर्ड्स के साथ मिलकर इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। स्नेक के साथ बाधाओं को तोड़ने से लेकर एक ग्लोबल पॉप कलाकार के रूप में अपनी जगह बनाने तक, नोरा की यात्रा वही है जिसका इंडस्ट्री को इंतजार था। इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी साझा करते हुए नोरा ने लिखा- एक और मील का पत्थर! बिलबोर्ड कवर पर मेरी पहली उपस्थिति! यह बहुत बड़ी बात है, मेरे वैश्विक म्यूजिक करियर के विज़न की दिशा में एक और कदम! अभी बहुत कुछ होने वाला है, और मैं तब तक इंतज़ार नहीं कर सकती जब तक दुनिया देख न ले कि आगे क्या होने वाला है! अपनी टीम की आभारी हूँ–यह हमारा समय है. जेसन डेरुलो के साथ उनके धमाकेदार कोलाब स्नेक से लेकर रेवनी के साथ उनके हिट अफ्रोपॉप सिंगल पेपेटा और जैक नाइट के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा डर्टी लिटिल सीक्रेट तक, नोरा एक जीवंत और बहुमुखी वैश्विक संगीत सूची बनाना जारी रखती हैं। उनके सोलो ड्रॉप आई एम बॉसी ने एक उभरती हुई ग्लोबल पॉप ताकत के रूप में उनकी उपस्थिति को और मजबूत किया। संगीत के अलावा, नोरा फिल्म और फैशन में भी धूम मचा रही हैं। उन्होंने बी हैप्पी में अपनी मुख्य भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया और अब वे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट द रॉयल्स में नजर आने वाली हैं। फैशन के मोर्चे पर, उन्होंने लुई वुइटन की म्यूज़ के रूप में पेरिस फैशन वीक में अपनी चमक बिखेरी और ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में सब का ध्यान अपनी ओर खींचा। उनकी यात्रा का एक गौरवपूर्ण क्षण वह था जब वह फीफा वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं थी, जिसे लाखों लोगों ने देखा। नोरा फतेही सिर्फ सीमाएँ पार नहीं कर रही हैं - एक-एक दमदार कदम के साथ, वह वैश्विक पॉप की कहानी में अपना नाम खुद लिख रही हैं।

### वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी के घर

# जल्द गूंजेगी किलकारी



टॉलीवुड स्टार वरुण तेज और उनकी पत्नी लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसके बाद कई सेलेब्स लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं। टॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। वह अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे हाथ में छोटे बेबी शूज लिए हुए हैं। वरुण तेज ने आज इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वरुण और लावण्या के सिर्फ हाथ दिखाई दे रहे हैं। दोनों के एक-दूजे के हाथ को कस के पकड़ रखा है और साथ ही उन्होंने छोटे बेबी के क्यूट शूज भी दो उंगलियों की मदद से पकड़ रखे हैं। इसके प्यारी तस्वीर के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, जीवन की अब तक की सबसे खूबसूरत भूमिका- जल्द ही आ रही है। वरुण की इस खास पोस्ट के बाद कई सेलेब्स उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं।

अल्लू से लेकर राम चरण की पत्नी ने दी वरुण और लावण्या को माता-पिता बनने की बधाई

साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने लिखा, बहुत-बहुत बधाई, आप तीनों को ढेर सारा प्यार!, प्रज्ञा जायसवाल ने लिखा, वाह बधाई हो, अदिति राव हैदरी ने लिखा, बधाई हो, आप दोनों को ढेर सारा प्यार, रकुल प्रीत सिंह ने लिखा, ह्ल्ल बधाई हो, राम चरण की पत्नी उपासना कामिनेनी ने लिखा, सबसे अच्छी खबर, सबसे प्यारे माता-पिता बनने वाले, अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा ने लिखा, बधाई हो, सामंथा रुथ प्रभु ने लिखा, बधाई हो।

# रजनीकांत को पसंद आई सूर्या की 'रेट्रो', बताया सुपर

1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अभिनेता सूर्या स्टारर एक्शन फिल्म 'रेट्रो' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस बीच 'थलाइवा' रजनीकांत ने भी 'रेट्रो' देखी और अभिनेता की




एक्टिंग को 'सुपर' बताया। निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत को उनकी फिल्म बेहद पसंद आई और उन्होंने इसमें सूर्या के अभिनय को सुपर बताया है। कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा, थलाइवा ने रेट्रो देखी और उन्हें यह बहुत पसंद आई। फिल्म में शानदार काम करने के लिए थलाइवा ने टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने शानदार प्रयास किया और सूर्या की एक्टिंग सुपर है। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको बांधे रखते हैं। निर्देशक ने पोस्ट में बताया कि फिल्म को लेकर थलाइवा की तारीफ मिलने पर वह खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं बहुत खुश हूं, लव यू थलाइवा। रजनीकांत से पहले अभिनेता वरुण धवन ने रेट्रो देखी और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर कर अपने विचार रखे थे। फिल्म की कहानी और कलाकारों की तारीफ करते हुए वरुण ने लिखा, कल रात रेट्रो देखी। रुक्मणी के किरदार में पूजा हेगड़े बहुत पसंद आई। पूजा, आप फिल्म में बहुत प्यारी लगीं और सूर्या हमेशा की तरह फिर से आपका काम शानदार लगा।




## टाइगर श्रॉफ

# 'जहान-द लास्ट गिफ्ट' में एनवायरनमेंट कहानीकार बने

वेव्स समिट 2025 में इसकी आधिकारिक स्क्रीनिंग के बाद, टाइगर श्रॉफ ने इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस विचारोत्तेजक शॉर्ट फिल्म का टीज़र जारी किया। बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार और पर्यावरण के प्रति समर्पित टाइगर श्रॉफ एक बार फिर सुर्खियों में हैं – लेकिन इस बार एक बेहद भावनात्मक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषय को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर द्वारा अभिनीत शॉर्ट फिक्शन फिल्म जहान-द लास्ट गिफ्ट को वेव्स समिट 2025 में प्रदर्शित किया गया, जिसने पर्यावरण चेतना और मानवीय जिम्मेदारी के बारे में बातचीत को बढ़ावा दिया। टाइगर श्रॉफ, जो इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिका में भी शामिल हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा-कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। इस शक्तिशाली संदेश वाली शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे मेरे भाई राहुल शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस समय इसकी ही जरूरत है राहुल शेट्टी द्वारा निर्देशित जहान जलवायु परिवर्तन और मानवीय उदासीनता की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, जो मार्मिक कहानी और प्रभावशाली दृश्यों के माध्यम से दर्शकों को जोड़ती है। इस फिल्म का निर्माण आर.डी. एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और आरएस स्टूडियोज द्वारा किया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों से प्रकृति से दोबारा जुड़ने और यह सोचने की अपील करती है कि हम अपने पीछे कैसी विरासत छोड़ रहे हैं। एक ऐसा प्रोजेक्ट जो टाइगर के दिल के बेहद करीब है, जहान टाइगर की प्रकृति प्रेम के प्रति लंबे समय से चली आ रही वकालत और एक युवा आइकन के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है जो अपने मंच का उपयोग सार्थक कारणों के लिए करता है। अपने अनुशासन और समर्पण के लिए जाने जाने वाले टाइगर इस दिल को छू लेने वाली भूमिका में भी वही गहराई लाते हैं, जो इस बात की पुष्टि करता है कि असली ताकत उन चीज़ों की रक्षा करने में है जो वास्तव में मायने रखती हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए, टाइगर श्रॉफ ने कहा, जहान का हिस्सा बनना एक बहुत ही सार्थक अनुभव था।

# हाउस अरेस्ट शो:

## रेप केस के बाद से गायब हैं एजाज खान, फोन भी स्विच ऑफ



मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद हाउस अरेस्ट शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान गायब हैं। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उनका फोन भी बंद है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई की चारकोप पुलिस ने एजाज खान से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह संपर्क में नहीं हैं, एजाज खान का फोन भी स्विच ऑफ है। एजाज खान के घर पुलिस पहुंची थी। लेकिन, वह अपने घर पर नहीं मिले। एजाज खान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक अभिनेत्री ने मामला दर्ज करवाया है। वहीं, सोमवार को 'अश्लील' शो 'हाउस अरेस्ट' के प्रसारण को लेकर अभिनेता एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक को समन भेजकर जांच अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मुंबई की अंबोली पुलिस ने सोमवार को समन भेजा है। एजाज खान पर शो हाउस अरेस्ट में अश्लील कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है, जिसके बाद सोशल मीडिया के साथ आम लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस मामले में पुलिस ने उल्लू ऐप के मैनेजर का बयान दर्ज कर लिया है। इससे पहले 2 मई को एजाज खान को समन जारी हुआ था। उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट के सारे विवादित एपिसोड अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए हैं। इस विषय में महाराष्ट्र साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी यादव ने जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि निर्देश पर ऐप ने शो को बंद कर दिया है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो वह एक्शन लेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी एजाज खान के साथ ही उल्लू ऐप के सीईओ विभु अग्रवाल को समन भेजकर 9 मई को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा है।

# अजय देवगन बॉलीवुड का सबसे भरोसेमंद फ्रैंचाइज़ी हीरो



बॉलीवुड के सबसे विश्वसनीय सितारों में से एक, अजय देवगन, आज न केवल एक अभिनेता हैं, बल्कि एक चलती-फिरती फ्रैंचाइज़ी मशीन बन चुके हैं। उनकी हालिया फिल्म 'रेड 2', 1 मई को रिलीज़ होने के कुछ ही दिनों में अपनी लागत निकालकर ?79 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है, और अब यह ?100 करोड़ क्लब की ओर तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन यह फिल्म केवल शुरुआत है–आने वाले दो वर्षों में अजय कई हिट फिल्मों की अगली कड़ियों में नजर आएंगे, जिनमें 'दे दे प्यार दे 2', 'गोलमाल 5', 'धमाल 4', 'शैतान 2', 'दृश्यम 3' और 'सन ऑफ सरदार 2' शामिल हैं। अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे सफल और बहुआयामी अभिनेता हैं, जिन्होंने विभिन्न शैलियों में अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। उनकी फिल्मों की फ्रैंचाइज़ी ने उन्हें एक ऐसा स्थान दिलाया है जहाँ वह एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक सिनेमाई ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में स्थापित हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि अजय अलग-अलग शैली की फ्रैंचाइज़ीज़ का नेतृत्व कर रहे हैं–चाहे वह 'सिंघम' जैसा एक्शन हो, 'दृश्यम' जैसी इमोशनल थ्रिलर, या 'गोलमाल' जैसी फुल ऑन कॉमेडी। उनकी हर फ्रैंचाइज़ी एक अलग दुनिया पेश करती है, और दर्शक खुशी-खुशी हर ब्रह्मांड का हिस्सा बन जाते हैं। यही उनकी ताकत है–वो हर जॉनर में विश्वसनीयता लेकर आते हैं। जहाँ एक ओर 'सिंघम' ने एक पुलिस यूनिवर्स की नींव रखी जिसमें रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारे भी जुड़े, वहीं 'दृश्यम' ने परिवार और बलिदान की गहराई दिखाई। इसके उलट 'गोलमाल' और 'धमाल' दर्शकों को हंसी के समुंदर में डुबो देते हैं।

### 'तन्वी द ग्रेट' में नजर आएंगे बोमन ईरानी

# अनुपम खेर बोले- 'राजासाब' आपका आभार

फिल्म निर्देशक-अभिनेता अनुपम खेर की अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अभिनेता आए दिन फिल्म के कलाकारों, कहानी समेत अन्य जानकारी से प्रशंसकों को रूबरू करा रहे हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर कर फिल्म के नए किरदार 'राजा साब' से मिलवाया, जो अभिनेता बोमन ईरानी का है। खेर का मानना है कि उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म को और भी बेहतरीन बना दिया। इंस्टाग्राम पर बोमन ईरानी के किरदार का पोस्टर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, ''तन्वी द ग्रेट' के अभिनेता बोमन ईरानी न केवल बेहतरीन कलाकार, बल्कि बेहतरीन इंसान भी हैं। सेट पर उनके जैसा दोस्त होना जीवन में संपत्ति की तरह है। खेर ने बताया कि जब उन्होंने बोमन को फिल्म की कहानी के बारे में बताया तो उन्होंने झट से हां कह दिया और उनकी प्रतिक्रिया भी शानदार थी। खेर ने बताया, जब मैंने उन्हें 'तन्वी द ग्रेट' का आइडिया सुनाया तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह हमारी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। फिल्म में उनकी मौजूदगी और अभिनय लाजवाब है! हर शॉट के बाद उनकी सराहना मेरे लिए मायने रखती है! तन्वी द ग्रेट के निर्देशक अनुपम खेर ने अपकमिंग फिल्म में बोमन के किरदार और नाम से भी पर्दा उठाया। उन्होंने खुलासा किया, 'राजा साब' को इतने प्यार, संवेदनशीलता और गहराई से गढ़ने के लिए बोमन का शुक्रिया। आपने किरदार में जो गहराई लाई है, वह तन्वी को बेहतरीन बनाती है। बता दें, बोमन ईरानी और अनुपम खेर के बीच दोस्ती का रिश्ता है और दोनों साथ में कई फिल्में कर चुके हैं। दोनों साल 2006 में रिलीज हुई दिबाकर बनर्जी की फिल्म खोसला का घोसला के साथ ही साल 2022 में आई फिल्म ऊंचाई में भी काम कर चुके हैं। सूरज बड़जात्या की फिल्म में अनुपम और बोमन के साथ अमिताभ बच्चन, नीना गुप्ता, सारिका, नफीसा अली, डैनी डेन्जोंगपा, परिणीति चोपड़ा समेत अन्य सितारे हैं।



# नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न, पत्रकार आलोक द्विवेदी बने अध्यक्ष

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गए हैं। क्लब के चुनाव को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की निगरानी में चुनाव अधिकारी अभय सिंह और संस्थापक सदस्य एवं संचालन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार संजीव यादव के नेतृत्व में पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ।






नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी को अध्यक्ष चुना गया है। जबकि महासचिव के पद पर जय प्रकाश सिंह चुने गए। उपाध्यक्ष के पद पर अमित चौधरी को चुना गया है। नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव अधिकारी अभय सिंह ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए उनको बधाई दी। गुरुवार को सेक्टर-29 स्थित गंगा शॉपिंग कांप्लेक्स स्थित नोएडा मीडिया क्लब में चुनाव अधिकारी ने सभी चयनित पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। इस चुनाव में कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज वत्स निर्विरोध विजय हुए। वहीं सचिव पद पर जगदीश शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर प्रमोद शर्मा तथा आंचल यादव निर्विरोध चुने गए। नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव के लिए विभिन्न पदों पर 15 लोगों ने नामांकन किए थे। जिसमें से आठ लोगों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पद पर आलोक द्विवेदी के अलावा वीरेंद्र मलिक तथा कुणाल जायसवाल ने पर्चा भरा था। वहीं महामंत्री के पद पर जेपी सिंह तथा देवेंद्र प्रभात ने भी नामांकन किया था। उपाध्यक्ष पद पर अमित चौधरी और हर्ष पांडे ने नामांकन किया थे, जिसमें हर्ष पांडे का पर्चा पैसा ना जमा करने के कारण निरस्त कर दिया गया था। कोषाध्यक्ष के पद पर हिमांशु सिंह, शिव त्यागी तथा मनोज वत्स ने नामांकन किया था, जिसमें शिव त्यागी और हिमांशु सिंह ने नामांकन पत्र वापस ले लिया। सचिव के पद पर जगदीश शर्मा तथा गजेंद्र यादव ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें गजेंद्र यादव ने नामांकन पत्र वापस ले लिया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर प्रमोद शर्मा, आंचल यादव और प्रिया राणा ने पर्चा दाखिल किया था, जिसमें प्रिया राणा द्वारा पर्चा वापस ले लिया गया।

## चेतना मंच ने दी नई टीम को जीत की बधाई

**नोएडा मीडिया क्लब** के निर्विरोध चुनाव संपन्न होने पर चेतना मंच परिवार ने खुशी जाहिर की है। चेतना मंच परिवार ने कहा है कि पत्रकारों की संस्था में निर्विरोध चुनाव होना एक सकारात्मक पहल है। इस पहल से नोएडा के पत्रकारों की प्रतिष्ठित संस्था नोएडा मीडिया क्लब की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। नोएडा मीडिया क्लब की नई टीम को बधाई देते हुए चेतना मंच के संपादक आर.पी. रघुवंशी ने कहा कि लंबे अर्से से नोएडा क्षेत्र में सक्रिय सभी वरिष्ठ पत्रकारों का यह एकमत प्रस्ताव था कि नोएडा मीडिया क्लब में किसी प्रकार के मतदान की नौबत ना आए। नोएडा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ पत्रकारों ने चुपचाप पर्दे के पीछे रहकर इस व्यवस्था को सुनिश्चित किया कि नोएडा मीडिया क्लब में किसी प्रकार की राजनीति न हो। अपने प्रयास में नोएडा के सभी वरिष्ठ पत्रकार सफल साबित हुए हैं। श्री रघुवंशी ने उम्मीद जाहिर की है कि नोएडा मीडिया क्लब की नई टीम पत्रकारों के हित में तमाम कल्याणकारी काम करेगी। चेतना मंच परिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद प्रसाद, अरुण सिन्हा, देवदत्त शर्मा, रमाकांत पांडेय, दिनेश गुप्ता, शीशपाल सिंह, योगेन्द्र नाथ झा ने नोएडा मीडिया क्लब की नई टीम को जीत की हार्दिक बधाई दी है।

# नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने लिया एक्शन

## प्रबंधक का रोका वेतन, कंपनी पर लगाया 1.5 लाख का जुर्माना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम शहर में सिविल, जल और विद्युत से संबंधित चल रही परियोजना का निरीक्षण किया। यहां सेक्टर-24 सिचाई नाले में फ्लोटिंग मैटेरियल पाया गया। इसे हटाकर फोटो सहित रिपोर्ट देने के लिए कहा गया।

फोर्टिस अस्पताल से खोड़ा को जाने वाले रास्ते पर सर्विस रोड पर जगह-जगह कूड़ा मिला। सुपरवीजन में लापरवाही के उमेश चंद त्यागी प्रबंधक (जन स्वास्थ्य प्रथम) का एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिए। बिजली घर के पास नाले में फ्लोटिंग पाया गया। ऐसे में कंपनी औसान कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 50 हजार का जुर्माना लगाने का निर्देश दिए।

सेक्टर-62 में मुख्य रास्तों पर पॉलीथीन व कूड़े पाए गए सड़क किनारे घास मिली। कंपनी नार्थ इंडिया शो कॉज नोटिस देते हुए एक लाख का जुर्मान लगाया गया। भूखंड सी-24 सेक्टर-62 और सेक्टर-58 के टी पाइंट पर सड़क की वाइडनिंग करते हुए लैफ्ट टर्न चौड़ा किया जाए।



### इन स्थानों पर साफ-सफाई के निर्देश

सेक्टर-25ए खाली भूखंड पर सीएंडी वेस्ट और कूड़ा पड़ा है। इसे सात दिन में साफ करने के लिए कहा गया। फोर्टिस अस्पताल के टी पाइंट का सौंदर्यीकरण किया जाए। सड़क के चौड़ीकरण में आ रहे कुछ पेड़ पौधों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। अस्पताल के पास टी पाइंट पर ऑटो व ई रिक्शा के लिए अलग लेन बनाने के लिए कहा गया। यहां लगे ई चार्जिंग स्टेशन को किनारे शिफ्ट करने के निर्देश दिए। सेक्टर-62 में जूडियो शॉपिंग मॉल के समीप क्षतिग्रस्त मोबाइल टायलेट खराब हालत में सर्विस रोड पर पड़ा हुआ था। उसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-62 में रामलीला ग्राउंड वाले पार्क के क्रासिंग के साथ साथ नोएडा क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर पुराने क्षतिग्रस्त ट्रैफिक बूथ के स्थान पर नए ट्रैफिक बूथ लगाने व जेब्रा लाइन बनाने के लिए निर्देश दिए।

# जनपद में 10 मई 2025 तक चलाया जा रहा है टीडी टीकाकरण अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों में तथा डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में जनपद गौतम बुद्ध नगर में डिप्थीरिया रोग की रोकथाम के लिए एक व्यापक स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। यह अभियान 10 मई 2025 तक संचालित किया जाएगा।



इस अभियान के अंतर्गत 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को टीडी वैक्सीन का नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा। यह टीकाकरण सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में इस टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अभियान के दौरान सभी पात्र बच्चों का टीकाकरण किया जाए।

यह अभियान बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे टेटनस एवं डिप्थीरिया जैसे घातक रोग को नियंत्रित किया जा सकेगा।

# देवला में अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुल्डोजर

## 6 हजार वर्ग मीटर जमीन को कालोनाजरों के अवैध कब्जे से मुक्त कराया

**ग्रेटरनोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम देवला में अधिसूचित एरिया



पर अतिक्रमण के खिलाफ बृहस्पतिवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 6 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया है। प्राधिकरण ने तीन फार्म हाउस और कई अवैध प्लॉट के फाउंडेशन को ध्वस्त कर दिया। कालोनाइजर इस जमीन पर फार्म हाउस और अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल करते हुए प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बृहस्पतिवार को प्राधिकरण की टीम ने देवला में अतिक्रमण के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि प्राधिकरण के वर्क सर्कल तीन के अंतर्गत ग्राम देवला के खसरा संख्या 472 की जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। कालोनाइजर लगभग 06 हजार वर्ग मीटर जमीन पर 3 फार्म हाउस और 100 मीटर के 6 और 200 मीटर के 4 प्लॉट काटकर अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। कालोनाइजरों ने इन प्लॉटों पर अवैध निर्माण करते हुए फाउंडेशन भी तैयार कर ली थी। अतिक्रमण हटाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई, लेकिन कालोनाइजर ने अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा, जिसके चलते बृहस्पतिवार को महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह के नेतृत्व में सभी वर्क सर्किल प्रभारी, भूलेख विभाग और नोएडा पुलिस के 250 से अधिक स्टाफ मौके पर पहुंचे और 6 जेसीबी और ट्रिपर के जरिए करीब दो घंटे की कार्रवाई कर अवैध निर्माण को ढहा दिया। करीब 06 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये होने का आकलन है। जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह ने कहा है कि देवला प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। जिन लोगों ने यहां की जमीन पर कब्जा कर रखा है वे खुद से अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन खाली कर दें। अन्यथा प्राधिकरण अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगा। अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में तहसीलदार सचेंद्र सिंह, वर्क सर्किल 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक रतिक सहित भारी तादात में अधिकारी-कर्मचारीगण व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

### एसीईओ का बयान

'ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।'

# राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ इंटरनेशनल गर्ल्स इन आईसीटी डे का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इंटरनेशनल गर्ल्स इन आईसीटी डे के अवसर पर सेक्टर



12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 200 स्कूल की छात्राओं और 100 समुदाय की लड़कियों सहित कुल 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम खुशी और ईएक्सएल सर्विस के सहयोग से आयोजित किया गया। जो डिजिटल दुनिया में लैंगिक असमानता को दूर करने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस सत्र का नेतृत्व राजकीय इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ रितु सिंह, ईएक्सएल एवीपी पल्लवी सैनी, सिनियर एवीपी ईएक्सएल कोयलिया रॉय ने किया, जो अपनी टीम के साथ विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल हुईं। उन्होंने छात्राओं को क्लाउड कंप्यूटिंग, नेटवर्किंग और डिजिटल लिंकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी, और बताया कि ये तकनीकें आज की दुनिया में किस प्रकार काम करती हैं। इस अवसर पर स्टेमरोबो से सोनम भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिन्होंने छात्राओं को आईसीटी के क्षेत्र में और गहराई से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और प्लेज वाल पर अपने सपनों व संकल्पों को लिखकर डिजिटल भविष्य में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। यह गतिविधि उनके तकनीकी सशक्तिकरण और समावेशी डिजिटल भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बनी।

